

तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 04 नवंबर 2026 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-216 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 05 नवंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

घरौंदा सेंटरों में 8 मौत और 5 लोगों के लापता होने पर हाईकोर्ट सख्त

बिलासपुर,4 नवंबर। छत्तीसगढ़ में संचालित घरौंदा सेंटरों की व्यवस्थाओं और वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। रायपुर के घरौंदा सेंटर में आठ बच्चों की मौत और पांच के लापता होने से जुड़े मामले को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट कमिश्नरों से केंद्रों की स्थिति संबंधी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा है। इस मामले में रायपुर की सामाजिक संस्था कोपलवाणी की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका के माध्यम से घरौंदा केंद्रों में रहने वाले लोगों की देखभाल, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए गए हैं। बच्चों की मौत तथा लापता होने संबंधी दावों ने मामले को और संवेदनशील बना दिया है।

हलफनामे में नौ करोड़ का खर्चकैलकुलेटर चुनें बताया गया है कि मामले में राज्य सरकार की ओर से वित्त विभाग, समाज कल्याण विभाग के सचिवों और मुख्य सचिव स्तर से शपथपत्र प्रस्तुत किए गए थे। इनमें घरौंदा केंद्रों के संचालन और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, शासन ने तीन वर्षों में इन केंद्रों के हितग्राहियों पर करीब नौ करोड़ रुपये खर्च किए जाने की जानकारी दी है। सरकारी खर्च के बावजूद केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं और वास्तविक व्यवस्थाओं को लेकर न्यायालय के समक्ष सवाल उठे हैं। इसी के मद्देनजर हाईकोर्ट ने पूर्व में 11 अधिवक्ताओं को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था। इनमें विवेक श्रीवास्तव, अपूर्व त्रिपाठी, संघर्ष पांडेय, शिवाली दुबे और ईश्वर जायसवाल सहित अन्य अधिवक्ता शामिल हैं। कोर्ट कमिश्नरों को शासन की योजनाओं के अंतर्गत संचालित घरौंदा केंद्रों का निरीक्षण करने तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की वस्तुस्थिति न्यायालय के सामने रखने की जिम्मेदारी दी गई थी। निरीक्षण का उद्देश्य यह पता लगाना है कि केंद्रों में रहने वाले हितग्राहियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन, चिकित्सा सहायता, आवास और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं या नहीं। इस प्रकरण से संबंधित आठ जनवरी 2024 के न्यायिक आदेश में भी विभिन्न केंद्रों के निरीक्षण की रिपोर्ट का उल्लेख मिलता है। उस समय प्रस्तुत रिपोर्टों में कुछ केंद्रों पर भोजन, आवासीय जगह, चिकित्सा सुविधाओं और रिकॉर्ड के रखरखाव से जुड़ी कमियां सामने आई थीं।



याचिकाकर्ता संस्था कोपलवाणी ने घरौंदा केंद्रों की व्यवस्थाओं को लेकर राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से भी शिकायत किए जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा। याचिका में मौतों के कारणों और केंद्रों की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। अब इस मामले में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने वाली अद्यतन रिपोर्ट महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इनसे केंद्रों की मौजूदा स्थिति, हितग्राहियों की सुरक्षा और शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। वहीं, मौतों के कारणों और लापता होने के दावों की पुष्टि के लिए संबंधित आधिकारिक अभिलेख और न्यायिक निष्कर्ष महत्वपूर्ण होंगे।



ट्रंप को बड़ा झटका अमेरिकी सीनेट में डेमोक्रेट्स का कब्जा

रिपब्लिकन पार्टी को कई राज्यों में करारी शिकस्त

वॉशिंगटन, 4 नवंबर। अमेरिका के 2026 के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और उनकी रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। चुनावी नतीजों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिकी सीनेट पर कब्जा जमा लिया है। पार्टी ने पांच सीटें जीतकर सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में भी रिपब्लिकन पार्टी को कई अहम सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। ताजा चुनावी रुझानों और नतीजों ने ट्रंप की राजनीतिक ताकत को बड़ा झटका दिया है। टेक्सस, ओहायो, कंसास और विस्कॉन्सिन जैसे अहम राज्यों में डेमोक्रेट्स ने बड़ी जीत दर्ज की है। कंसास में 1932 के बाद पहली बार डेमोक्रेटिक उम्मीदवार ने सीनेट सीट जीतकर 94 साल का सूखा खत्म किया है। वहीं, टेक्सस में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जीना हिनोजोसा ने रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबट को हराकर बड़ा उलटफेर किया है। चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों ने कई राज्यों में रिपब्लिकन पार्टी से सीटें छीन ली हैं। ओहायो में एमी एक्टन ने विवेक रामास्वामी को हराकर गवर्नर पद पर जीत दर्ज की। वहीं, डेविड क्राउली ने विस्कॉन्सिन में जीत हासिल कर राज्य के पहले अश्वेत गवर्नर बनने का इतिहास रचा है। जॉर्जिया में कीशा लांस बॉटम्स पहली अश्वेत महिला गवर्नर चुनी गई हैं।

चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को लगे झटके के बाद राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि वह चुनाव परिणाम स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करने की इच्छा भी जताई है। हालांकि, इससे पहले उन्होंने कहा था कि अगर वह खुद चुनाव मैदान में होते तो भारी जीत हासिल करते।

अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सुहास सुब्रमण्यम और अरुणा मिलर ने दोबारा जीत दर्ज की है। वहीं, अन्य मुकाबलों में भी भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। बता दें कि अमेरिकी मिडटर्म चुनाव राष्ट्रपति के चार साल के कार्यकाल के बीच होते हैं। इसमें प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों, सीनेट की 35 सीटों और 36 राज्यों के गवर्नर पदों के लिए चुनाव कराया जाता है। इन नतीजों का असर ट्रंप के शेष कार्यकाल और उनकी सरकार की नीतियों पर पड़ सकता है।

सौरभ की बढ़ी मुश्किलें, कोर्ट ने दी 8 दिन की सीबीआई रिमांड

रायपुर,4 नवंबर। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप मामले में आरोपी सौरभ चंद्राकर को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रायपुर की विशेष सीबीआई अदालत ने सौरभ चंद्राकर की 8 दिन की कस्टोडियल रिमांड मंजूर कर दी है। इसके साथ ही सीबीआई को उसे दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय ले जाकर पूछताछ करने की अनुमति भी मिल गई है। अब सौरभ से दिल्ली में सीबीआई की टीम पूछताछ करेगी।कोर्ट से रिमांड मिलने के बाद सीबीआई की जांच आगे बढ़ेगी। एजेंसी सौरभ चंद्राकर से महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप के संचालन, कथित सट्टेबाजी नेटवर्क, आर्थिक लेन-देन और इस पूरे सिंडिकेट से जुड़े लोगों के बारे में पूछताछ कर सकती है।सौरभ चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था। इसके बाद सीबीआई उसे दिल्ली से रायपुर लेकर पहुंची और बुधवार को विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी की वैधता और प्रत्यर्पण की शर्तों को लेकर सवाल उठाए थे। वहीं, सीबीआई ने रिमांड की मांग करते हुए पूछताछ की जरूरत बताई थी।अब अदालत से रिमांड और दिल्ली मुख्यालय ले जाने की अनुमति मिलने के बाद सीबीआई की टीम उससे विस्तार से पूछताछ करेगी। सीबीआई मुख्यालय में यह पूछताछ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में की जाएगी। कोर्ट ने पूछताछ के दौरान सौरभ चंद्राकर को शाम के समय अपने वकील से मुलाकात करने की अनुमति भी दी है।महादेव सट्टा नेटवर्क से जुड़े खुल सकते हैं कई राजकरीब 6,000 करोड़ रुपये के कथित महादेव सट्टेबाजी नेटवर्क की जांच में सौरभ चंद्राकर की पूछताछ अहम मानी जा रही है। जांच एजेंसियों के सामने नेटवर्क के संचालन, पैसों के लेन-देन, हवाला के जरिए रकम भेजने और कथित संरक्षण राशि जैसे कई पहलू हैं।सौरभ से पूछताछ में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, विदेशों में संचालित गतिविधियों और आर्थिक लेन-देन को लेकर अहम जानकारियां सामने आने की संभावना है। हालांकि, पूछताछ के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जांच में कौन-कौन से नए तथ्य सामने आते हैं।



खड़े हाइवा में लगी आग

बालोद,4 नवंबर। डौंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत लिमहाटोला गांव में मंगलवार सुबह सड़क किनारे खड़ी हाइवा में अचानक आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई. ड्राइवर ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई. जानकारी के मुताबिक, ड्राइवर ने हाइवा को सड़क किनारे खड़ा किया था. रात में वह गाड़ी में ही सो रहा था. इसी दौरान सुबह करीब 5 बजे अचानक हाइवा में आग लग गई. आग की लपटें देखकर ड्राइवर ने तुरंत गाड़ी से बाहर छलांग लगा दी. इससे उसकी जान बच गई, लेकिन देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया.

जगदलपुर में युवती की मौत पर बवाल

जगदलपुर,4 नवंबर। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 21 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत ने तूल पकड़ लिया है। बाफना हाउस में युवती का शव फंदे से लटका मिला था। अब परिजनों ने रेप के बाद हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, युवती 21 अक्टूबर से बाफना हाउस में काम करने जा रही थी। 2 नवंबर को वहां उसका शव मिला। गले में चुन्नी का टूटा हुआ फंदा था और शव जमीन पर पड़ा था। परिजनों का आरोप है कि अंतिम संस्कार से पहले शव को नहलाते समय शरीर पर चोट और नोचने के निशान दिखाई दिए थे। युवती की चाची ने प्राइवेट पार्ट के पास सूजन और रुई मिलने का दावा भी किया है। परिवार को आशंका है कि युवती की हत्या करने के बाद शव को फंदे पर लटकाया गया। मंगलवार को परिजनों और स्थानीय लोगों ने युवती की तस्वीर लेकर रैली निकाली और न्याय की मांग की। आक्रोशित भीड़ बाफना हाउस पहुंची, जहां बाहर रखे गमले तोड़ दिए गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।परिजनों ने प्रतिष्ठान में लगे CCTV कैमरों की फुटेज जांचने और बिना दबाव के कार्रवाई करने की मांग की है।

रवि उप्पल और शुभम सोनी कब पकड़े जाएंगे : बैज

रायपुर, 4 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता में महादेव सट्टा एप मामले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है, लेकिन उसके साथी रवि उप्पल और शुभम सोनी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। उन्हें कब भारत लाया जाएगा?

बैज ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान शुभम सोनी ने वीडियो जारी कर खुद को महादेव सट्टा एप का मालिक और सौरभ चंद्राकर व रवि उप्पल को अपना कर्मचारी बताया था। भाजपा ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर यह वीडियो जारी किया और इसी दावे के आधार पर कांग्रेस सरकार तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री को बदनाम कर राजनीतिक लाभ लिया। अब भाजपा बताए कि शुभम सोनी को कब पकड़ा जाएगा?उन्होंने कहा कि सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत लाने में कांग्रेस की भूपेश सरकार के ठोस प्रयासों की भूमिका रही। कांग्रेस सरकार ने महादेव एप के खिलाफ पहली एफआईआर से लेकर 72 एफआईआर दर्ज कीं। पांच सौ से अधिक जब्ती और गिरफ्तारियां की गईं। एप को गूगल प्ले से हटाने का अनुरोध और सौरभ चंद्राकर तथा रवि उप्पल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कराने की कार्रवाई भी कांग्रेस सरकार के समय हुई थी। गेमिंग एप के खिलाफ सख्त कानून भी उसी सरकार ने बनाया था।बैज ने सवाल किया कि प्रदेश में तीन साल से भाजपा की डबल इंजन सरकार होने के बावजूद महादेव एप बंद क्यों नहीं हुआ? आज भी सोशल मीडिया पर इसके विज्ञापन कैसे चल रहे हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि महादेव सिंडिकेट के साथ रेड्डी अन्ना, फेयरप्ले, लोटस 365 सहित कई ऑनलाइन सट्टा पैनल खुलेआम सक्रिय हैं। सरकार बताए कि इन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।बैज ने दिसंबर 2025 में सामने आए हीरेन जोशी, हितेश जैन और नवनीत सहगल से जुड़े आरोपों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों पर महादेव एप को संरक्षण देने के आरोप लगे, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा आर्थिक सेल के पूर्व संयोजक विकास गर्ग की भूमिका पर भी सवाल उठाए।उन्होंने पूछा कि महादेव एप के पूरे नेटवर्क को किसका संरक्षण मिल रहा है? क्या 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स कमाई और सत्ता में बैठे लोगों का संरक्षण इसकी वजह है? कांग्रेस इस मामले में जवाबदेही और कार्रवाई की मांग करती है।



अमेरिकी संसद में गूंजेगी भारतवंशी पिया की आवाज

वाशिंगटन,4 नवंबर। भारतीय मूल की डेमोक्रेट पिया डंडिया ने फ्लोरिडा के 22वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का चुनाव जीत लिया है। इस चुनाव में उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार केसी असकर को हराया। दक्षिण फ्लोरिडा में 2026 के अमेरिकी मिडटर्म इलेक्शन के दौरान पिया डांडिया और केसी असकर के बीच यह मुकाबला सबसे चर्चित चुनाव में से एक था। मंगलवार, 3 नवंबर को घोषित नतीजों के मुताबिक, हाई स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल डंडिया को 51.9 प्रतिशत वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी असकर को 49.1 प्रतिशत वोट मिले। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिया डंडिया की जीत भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए एक अहम पड़ाव है। वह फ्लोरिडा से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) के लिए चुनी जाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बन गई हैं। वहीं अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुनी



जाने वाली वह 10वीं भारतवंशी हैं। पिया डांडिया के चुनाव प्रचार का मुख्य फोकस शिक्षा, किफायती जीवन और आर्थिक अवसरों पर था। चुनाव जीतने के बाद अब वह फ्लोरिडा के नए सिरे से तय किए गए 22वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करेंगी। पिया डंडिया का जन्म और पालन-पोषण पाम बीच काउंटी में हुआ, लेकिन वह पहली पीढ़ी की भारतीय-अमेरिकी हैं।

'ज्ञानु और जानू' वीडियो पर मामला दर्ज होते ही फरार हुए अमित जोगी

पुलिस ने घर के बाहर लगाया नोटिस



रायपुर,4 नवंबर। विवादास्पद ज्ञानु और जानू वीडियो पर भाजपा नेताओं की शिकायत पर रायपुर पुलिस के मामला दर्ज करते ही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी के बेटे अमित जोगी गायब हो गए हैं. ऐसे में मामले में पूछताछ के लिए सिविल लाइन पुलिस ने जोगी निवास में अमित जोगी के नाम से नोटिस चस्पा कर पूछताछ के लिए एक दिन में थाने हाजिर होने के लिए निर्देश दिया है. सिविल लाइन पुलिस ने जोगी निवास पर अमित जोगी के नाम से चस्पा नोटिस में लिखा है कि थाने में धारा 196, 352, 353(2), 356 (2) बीएनएस एवं आईटी एक्ट के तहत 3 नवंबर को दर्ज मामले की जांच में तथ्यों और परिस्थितियों को सुनिश्चित करने के लिये आपसे प्रश्न पूछने के लिए युक्तियुक्त आधार पाया गया हैं, जिसके लिए आपको नोटिस प्राप्ति के एक दिवस के भीतर थाना में उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया जाता है. बता दें कि छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम अजित जोगी के बेटे अमित जोगी ने सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक वीडियो शेयर किया था, जिसमें पीएम और सीईसी का मुखौटा पहने दो लोग दिख रहे थे. इसके बाद उनकी सांकेतिक शादी करवाई. बाद में हनीमून के नाम पर एक वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया. अमित जोगी के इस वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर घोर आलोचना होने लगी. साथ ही उनकी मानसिकता और सस्ती राजनीति पर सवाल उठाने लगे. विवाद बढ़ता देखकर अमित जोगी ने अपना पोस्ट सोशल मीडिया अकाउंट से डिलीट कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा कि एक रेखा जिसे मैं पार नहीं करना चाहता. अब पोस्ट हटा दी गई. उन्होंने लिखा कि Honeymoon पोस्ट के संदर्भ में, आज सुबह मुझे एहसास हुआ कि जो संदेश मैं देना चाहता था, वह मेरे विश्वास के अनुसार आज भी वैध है, लेकिन उसे जिस तरीके से दिया गया, वह आदर्श नहीं था.

भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंचे विधायक

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के मामले में भाजपा नेताओं ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में बड़ी



संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता सिविल लाइन थाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत सौंपकर वीडियो बनाने तथा उसे सोशल मीडिया पर साझा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान विधायक राजेश मूणत ने कहा कि अमित जोगी ने देश के प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग के प्रमुख ज्ञानेश कुमार को लेकर जिस प्रकार का वीडियो निर्माण कर सोशल मीडिया पर साझा किया है और वीडियो में जिस प्रकार की भूमिका अदा की गई है, वह निंदनीय है।

राहुल गांधी को निर्मला सीतारमण का चैलेंज

संसद में आइए, SIR-EVM पर मुझसे बहस करें

नई दिल्ली,4 नवंबर। कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर पीएम नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक बहस (डिबेट) की चुनौती दी है। राहुल गांधी 24 घंटे के अंदर 2 बार पीएम मोदी को सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। इसपर गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी को बरस करने की चुनौती दी। अब पीएम मोदी को बहस चुनौती देने वाले राहुल गांधी को निर्मला सीतारमण ने चैलेंज दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी के डिबेट की चुनौती देते हुए कहा कि संसद में आइए और मुझसे SIR-EVM पर बहस कीजिए। निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी के डिबेट वाले चैलेंज पर पलटवार करते हुए कहा कि आप पार्लियामेंट में बहस के लिए वही जोश क्यों नहीं दिखाते जो सोशल मीडिया पर चैलेंज देते समय दिखाते हैं?



केंद्रीय वित्त मंत्री ने राहुल गांधी को मतदाता सूची (SIR) और ईवीएम पर संसद में बहस की चुनौती दी। उन्होंने राहुल के पीएम मोदी को दिए बहस की चुनौती पर पलटवार करते हुए कहा कि आप प्रधानमंत्री से बहस के लिए जगह चुनने को कहते हैं। जगह तो पहले से हैः संसद, जहां आप नेता प्रतिपक्ष होते हैं। साथ ही उन्होंने 'मॉक पार्लियामेंट' को संसद का मजाक करार दिया। निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरीए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि सरकार SIR और EVM पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने को तैयार है। साथ ही पूछा- आप पार्लियामेंट में बहस के लिए वही जोश क्यों नहीं दिखाते जो सोशल मीडिया पर चैलेंज देते समय दिखाते हैं?

निर्मला सीतारमण ने कहा कि जवाब मांगने का मतलब है कि उन्हें सुनना भी जरूरी है। कई बार ऐसा हुआ है जब आप और आपकी पार्टी पार्लियामेंट से वॉकआउट कर गए हैं, जबकि सरकार आपके आरोपों का जवाब दे रही थी। आप बहस के लिए इतने उत्सुक होने का दावा कैसे कर सकते हैं जब आप दूसरी तरफ की बात सुनने के लिए भी नहीं रुकते? यह वॉकआउट पर ही खत्म नहीं होता। आपने और INDI अलायंस ने बार-बार कार्यवाही में रुकावट डाली है, जिससे पूरी सिटिंग धुल गई। अगर आप बहस के इतने ही इच्छुक हैं, तो पहले सदन को चलने क्यों नहीं देते? और फिर वह मॉक पार्लियामेंट, सच कहूं तो, यह पार्लियामेंट का मज़ाक था। आपको उस काम के लिए समय और जोश मिला। यकीनन, असली पार्लियामेंट कम से कम इतनी तो हकदार है ही।

अब डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दी राहुल गांधी को चुनौती

नक्सलवाद पर सार्वजनिक मंच पर कर लें बहस, है साहस?

रायपुर,4 नवंबर। प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेशी ताकतों से कनेक्शन और देशद्रोह के आरोपों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक बहस की चुनौती दे दी है. उनकी चुनौती को 24 घंटे भी नहीं हुए हैं कि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राहुल गांधी की बहस की चुनौती दे दी है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राहुल गांधी को नक्सलवाद के मुद्दे पर सार्वजनिक मंच पर बहस की चुनौती देते हुए कहा कि किसी भी जगह, किसी भी प्लेटफॉर्म पर, किसी भी वक्त डिबेट को तैयार हूं. आपकी पार्टी के कुछ नेता नक्सली को अपना हीरो बताते हैं. जिन्होंने झीरम घाटी में आपके ही कांग्रेस पार्टी के नेताओं की हत्या की थी. क्या आप इस चुनौती को स्वीकार करने का साहस दिखाएंगे?

विवादों में घिरी सनी देओल की फिल्म 'सूर्या'

रायपुर,4 नवंबर। बॉलीवुड के 'एक्शन किंग' सनी देओल के फैंस के लिए एक तरफ जहां उनकी आगामी फिल्म 'सूर्या – अंत से आरंभ तक' का दमदार लुक चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं दूसरी तरफ यह फिल्म सिनेमाघरों में आने से पहले ही बड़े विवाद में फंस गई है। छत्तीसगढ़ में इस फिल्म को बैन करने की मांग जोर पकड़ने लगी है, और मामला अब कानूनी नोटिस तक पहुंच गया है। हाल ही में देशभर में डॉक्टरों के साथ हो रही हिंसा और दुर्व्यवहार की घटनाओं को लेकर माहौल गरमाया हुआ है। इसी बीच, छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने फिल्म 'सूर्या' के प्रमोशनल कंटेंट और उसमें दिखाए जाने वाले दृश्यों पर कड़ा ऐतराज जताया है। सोसाइटी का आरोप है कि फिल्म में पूरे मेडिकल सेक्टर को भ्रष्ट और अनैतिक रूप में पेश करने की कोशिश की गई है। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के चेयरमैन डॉ. अभिजात चंद्रकांत शेठ और सचिव डॉ. राघव लैंगर को आधिकारिक तौर पर कानूनी नोटिस भेजा है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्यमंत्री साय से भेंट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 4 नवंबर। भिलाई स्टील प्लांट के आवासों को लेकर लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान और राज्य शासन द्वारा दी गई राहत पर सेवानिवृत्त कार्मिकों एवं थर्ड पार्टी आवास धारकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में भिलाई स्टील प्लांट के 'सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ' एवं थर्ड पार्टी कल्याण संघ के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आवास संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए शासन द्वारा लिए गए जनहितैषी निर्णय की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का हृदय से आभार जताया। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि बीएसपी टाउनशिप में रिटेंशन स्कीम के अंतर्गत निवासरत पूर्व कार्मिकों तथा थर्ड पार्टी आवास धारकों के सामने आवास नवीनीकरण एवं नियमितीकरण को लेकर लंबे समय से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि इस समस्या के



कारण संबंधित परिवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय एवं सांसद विजय बघेल के निरंतर प्रयासों तथा राज्य शासन की संवेदनशीलता के चलते इस जटिल समस्या का सुगम एवं न्यायसंगत समाधान संभव हो सका है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तेज, 13,933 मतदाताओं के नामों में अब तक हुआ सुधार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 4 नवंबर । नगर निगम क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और अन्य आवश्यक सुधारों के लिए प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण प्राथमिकता से किया जा रहा है। आयुक्त सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर लिली थॉमस, खेमलाल वर्मा एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी सोनल डेविड की उपस्थिति में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दावा-आपत्तियों, परिशिष्ट-15 के तहत प्राप्त आवेदनों तथा मतदाता सूची में किए गए सुधारों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। निगम क्षेत्र के सभी पांच जोनों में अब तक कुल 13,933 मतदाताओं के प्रविष्टियों में सुधार के लिए परिशिष्ट-15 प्राप्त हुए हैं। निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जोन आयुक्त सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं बीएलओ द्वारा प्रपत्रों का परीक्षण कर आवश्यक सुधार किए गए हैं।

जोनवार आंकड़ों के अनुसार जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर में 4,487, जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर में 4,117, जोन क्रमांक-3 मदर टेरेसा नगर में 2,085, जोन क्रमांक-4 शिवाजी नगर में 2,595 तथा जोन क्रमांक-5 में 649 मतदाताओं की प्रविष्टियों में सुधार किया गया है।

एक नजर

पंचायत सचिव से मारपीट,युवक गिरफ्तार



भिलाई, 4 नवंबर (तछसं.)। भिलाई ग्राम पंचायत सचिव के साथ जान से मारने की धमकी और मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जामगांव आर टीआई बसंत बघेल ने बताया कि ग्राम पंचायत भवन में सामान्य कार्य व बैठक के दौरान पंचायत सचिव अरुण कुमार निर्मलकर के साथ मारपीट कर गाली गलौज ग्राम कुम्हली जामगांव आर निवासी मोगन सपहा ने किया उसने सरपंच-सचिव कक्ष के दरवाजे को लात मारकर खराब मोटर पंप से तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया था शासकीय भवन में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने मोगन पर कार्रवाई किया है घटना में आरोपी मोहन ने सचिव को हाथ मुक्के से भी हमला किया था पंचायत संबंधी लेनदेन की न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया जेल, कुम्हली में सामान्य बैठक के दौरान हुई घटना जानकारी मांगने को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था पंचायत भवन के दरवाजा, मोटर पंप को नुकसान पहुंचाकर शासकीय संपत्ति की तोड़फोड़ की थी।

फरार आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 4 नवंबर (तछसं.)। भिलाई सुपेला थाने पुलिस ने पिकअप में अवैध रूप से बैल को कत्लखाना नागपुर ले जाने के मामले में फरार चालक शरद यादव को राजनांदगांव से गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई एस एन सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर पिकअप पकड़ी थी मौके से चालक फरार हो गया था, जबकि कंडक्टर त्रिलोक पटेल को गिरफ्तार कर बैल को गौशाला भेजा गया था सुपेला थाने पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण और छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा।

बिहान की दीदियों को उद्यमी बनाने बस्तर में बैंकर्स कार्यशाला आयोजित

जगदलपुर, 4 नवम्बर । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समूह बैंक क्रेडिट और इंटरप्राइजेज फाइनेंस विषय पर एक दिवसीय बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में महिला स्व-सहायता समूहों के वित्तीय समावेशन को और अधिक मजबूत बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के लिए सुलभ ऋण प्रवाह सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर श्री श्रीनिवास राव, एनआरएलएम के श्री अशोक चौहान एवं अग्रणी जिला प्रबंधक श्री जॉर्ज विलियम तिर्की विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही बस्तर जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, बैंकर्स तथा जनपद पंचायतों से आए खंड मिशन प्रबंधक, जिला मिशन प्रबंधन इकाई और खंड मिशन प्रबंधन इकाई की टीमों ने भी कार्यशाला में भाग लिया।

जबलपुर के साहित्यिक महाकुंभ में पांच पुस्तकों का विमोचन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 4 नवंबर । मध्य प्रदेश के जबलपुर में आयोजित साहित्यिक महाकुंभ में मुक्तस्वर साहित्य समिति से जुड़े तीन साहित्यकारों की पांच पुस्तकों का विमोचन किया गया। अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक संस्था कादम्बरी द्वारा आयोजित समारोह में देशभर से पहुंचे सैकड़ों साहित्यकारों, कवियों एवं बाल साहित्यकारों की उपस्थिति में अतिथियों ने पुस्तकों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर तीनों रचनाकारों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विमोचित पुस्तकों में समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल का बाल कहानी संग्रह बाघमामा सियार भांजा एवं निबंध संग्रह भारतीय ज्ञान परंपरा और विश्व बोध शामिल हैं। समिति के सचिव शंकर भट्टाचार्य के कविता संग्रह एक मुट्ठी ईमानदारी एवं बेजुबान सच का भी विमोचन हुआ। वहीं, समिति के कोषाध्यक्ष संतोष जाटव जालौनी के बाल कविता संग्रह चिड़िया रानी बड़ी सयानी का लोकार्पण किया गया। समारोह में कादम्बरी संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पशुपति नाथ उपाध्याय, जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, जादूगर एस.के. निगम, ज्योतिषाचार्य डॉ. गीता शर्मा, आचार्य रामनाथ ननकी, डॉ. राजेश धीणा वाणी एवं डॉ. अखिलेश गुमास्ता सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया।



दीपावली और छठ पर्व को लेकर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटा निगम

भिलाई, 4 नवंबर। दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त रोशनी उपलब्ध रहे, इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम क्षेत्र के विभिन्न सड़कों, बाजारों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर पहले से लगी बंद और खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलकर नई लाइटें लगाई जा रही हैं। इसके अलावा जिन स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही है, उनका चिन्हांकन कर वहां भी नई लाइट लगाने की कार्रवाई की जा रही है। निगम द्वारा शहर की प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यकतानुसार नई लाइटें लगाने तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने का कार्य लगातार जारी रखा जाएगा।

महतारी वंदन योजना में महिलाओं को एक हजार रुपया देना महंगाई के हिसाब से बहुत कम:रानू मनोज दुबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 4 अक्टूबर। महतारी वंदन योजना को लेकर भाजपा द्वारा 70 लाख महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और सम्मान का आधार बताने पर पूर्व अध्यक्ष शहर महिला कांग्रेस श्रीमती रानू मनोज दुबे ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।श्रीमती रानू मनोज दुबे ने कहा कि महिलाओं के खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपये देना कोई एहसान नहीं, बल्कि महंगाई के इस दौर में महिलाओं की जरूरतों के सामने यह राशि बेहद कम है। भाजपा सरकार केवल एक हजार रुपये देकर महिलाओं के संपूर्ण आर्थिक सशक्तिकरण का दावा नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि महिलाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और आत्मनिर्भर बनने के समान



अवसर उपलब्ध कराना है। आज रसोई गैस, खाद्य सामग्री, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती कीमतों से हर परिवार परेशान है। ऐसे में महिलाओं को वास्तविक राहत देने के लिए महंगाई पर नियंत्रण करना भी सरकार की जिम्मेदारी है।श्रीमती दुबे ने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र की याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा ने 500 रुपये में गैस सिलेंडर और 35 रुपये किलो में शक्कर देने का वादा किया था। सरकार को पहले अपने इन वादों को पूरा करना चाहिए। केवल योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने से महिलाओं की समस्याएं समाप्त नहीं होंगी।उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की माताएं-बहनें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता चाहती हैं। महिलाओं के नाम पर राजनीति करने के बजाय सरकार को महिला सुरक्षा, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ते घरेलू खर्चों पर ठोस कदम उठाने चाहिए। श्रीमती रानू मनोज दुबे पूर्व अध्यक्ष, शहर महिला कांग्रेस कवर्धा, छत्तीसगढ़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के अधिकार, सम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता की हमेशा पक्षधर रही है। महिलाओं को वास्तविक सम्मान तभी मिलेगा, जब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थायी रोजगार, बेहतर शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।अंत में उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल चुनावी घोषणाओं और एक हजार रुपये की सहायता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए ठोस सुविधाएं और अधिकार दिए जाएं। महिला सशक्तिकरण विज्ञापनों और आंकड़ों से नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव से साबित होता है।

जिले में 9 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश

कांकेर, 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर द्वारा 26 अक्टूबर 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार 09 नवंबर सोमवार को दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में स्थानीय अवकाश की तिथि में संशोधन किया गया है। पूर्व में 09 नवंबर 2026, सोमवार को दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) के अवसर पर संपूर्ण उत्तर बस्तर कांकेर जिले के लिए घोषित स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था, जिसे निरस्त करते हुए अब 20 नवंबर शुक्रवार को देवउठनी एकादशी (तुलसी विवाह) के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।



ब्लास्ट फर्नेस-8 ने हॉट मेटल उत्पादन में बनाया नया रिकॉर्ड

भिलाई, 4 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया) ने अक्टूबर 2026 में हॉट मेटल उत्पादन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक रिकॉर्ड बनाते हुए 2,79,073 टन उत्पादन दर्ज किया। इसने मार्च 2026 के पिछले रिकॉर्ड 2,68,355 टन को पीछे छोड़ दिया। साथ ही औसत दैनिक उत्पादन भी बढ़कर 9,002 टन प्रतिदिन पहुंच गया, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस उपलब्धि पर ब्लास्ट फर्नेस-8 के सीसीआर में आयोजित समारोह में मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक विवेक वर्मा ने केक काटकर टीम का उत्साहवर्धन किया।

भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन का उन्नयन कार्य अंतिम चरण में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 4 नवंबर। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर चल रहा कायाकल्प और उन्नयन कार्य अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। आगामी नए साल के फरवरी महीने में इस नवनिर्मित और आधुनिक सुविधाओं से लैस स्टेशन का उद्घाटन कर इसे आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस दिशा में चल रही तैयारियों और निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए बुधवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरे के दौरान डीआरएम के साथ रेलवे डिवीजन स्तर के कई वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद थे डीआरएम दयानंद ने पूरे स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्मों तथा निर्माणाधीन यात्री सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। कार्यों में देरी और कुछ स्थानों पर दिखी गुणवत्ता संबंधी कमियों पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित ठेका एजेंसी को निर्देश दिया कि शेष सभी बचे हुए कार्यों को हर हाल में जनवरी 2027 के भीतर पूरा कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर एक पर स्थित नवनिर्मित वातानुकूलित प्रतीक्षालय का नया दरवाजा सीलन के कारण खराब पाया गया। इस लापरवाही पर डीआरएम ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को जमकर फटकार लगाई और तुरंत गुणवत्तापूर्ण सुधार के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने सभी प्लेटफॉर्मों पर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए तथा एस्केलेटर के शेष बचे काम को बिना किसी देरी के शीघ्र पूरा करने की हिदायत दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए डीआरएम दयानंद ने स्पष्ट किया कि उनके इस निरीक्षण दौरे का मुख्य उद्देश्य चल रहे विकास कार्यों की गति में तेजी लाना है। उन्होंने साफगोई से स्वीकार किया कि केवल भिलाई पावर हाउस ही नहीं, बल्कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जहां-जहां नवनिर्माण कार्य चल रहे हैं, वहाँ निर्माण एजेंसियों की ओर से कुछ लेट-लतीफी देखने को मिल रही है उन्होंने आगे कहा कि परियोजना के इस अंतिम चरण में कार्यदायी एजेंसी को बदलना व्यावहारिक और संभव नहीं है, इसलिए मौजूदा एजेंसियों को ही श्रमबल बढ़ाकर काम में तेजी लाने का कड़ा निर्देश दिया गया है। रेलवे प्रशासन की पूरी कोशिश है कि समयसीमा का पालन करते हुए फरवरी महीने तक भिलाई पावर हाउस स्टेशन का नवनिर्माण कार्य पूर्ण कर इसका औपचारिक उद्घाटन कर दिया जाए, ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकें

निगम के दो कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 4 नवंबर। नगर निगम भिलाई में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए दो कर्मचारियों को निगम प्रशासन की ओर से विदाई दी गई। वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह एवं चेनमेन सुदेश कुलदीप को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस अवसर पर निगम परिवार की ओर से दोनों कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। समारोह में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, कार्यालय अधीक्षक शालिनी गुरउ, सहायक अधीक्षक रीता चतुर्वेदी, शरद दूबे, शशिभूषण मोहंती, श्रवण ठाकुर, राज सच्चर, कृष्णा देशमुख, राजेश पालवे, विनय शर्मा, सेन गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सांसद विजय बघेल ने सुरक्षा अधिकारी दीक्षित को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

भिलाई, 4 नवंबर। सांसद विजय बघेल की सुरक्षा में सुरक्षा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे गोविंद दीक्षित के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रंजनी बघेल एवं परिवार के साथ गोविंद दीक्षित को सेवानिवृत्ति की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सांसद बघेल ने कहा कि वर्ष 2008 से 2026 तक लगभग 18 वर्षों की शासकीय सेवा में दीक्षित ने पूरी निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। समारोह में सांसद कार्यालय के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। इस अवसर पर गोविंद दीक्षित ने सांसद विजय बघेल, श्रीमती रंजनी बघेल एवं सांसद कार्यालय के समस्त सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में पटाखा व्यापारियों को दिए गए सुरक्षा के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 4 नवंबर। आगामी दीपावली पर्व के दौरान पटाखों की बिक्री एवं दुकानों के संचालन में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दुर्ग कलेक्ट्रेट सभागार में पटाखा व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) शोभराज अग्रवाल, एसडीएम दुर्ग प्रफुल्ल गुप्ता, दुर्ग सीएसपी देवांश सिंह राठौर, एसडीआरएफ के अधिकारी, नगर निगम दुर्ग के बाजार प्रबंधन अधिकारी, दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई नवीन राजपूत और सहित पटाखा व्यापारी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने पटाखा दुकानों के संचालन के दौरान अग्नि सुरक्षा, आम नागरिकों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित दिशा निर्देश दिए पटाखा व्यापारियों को हिदायत, लापवाही न बरतें अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि पटाखा बिक्री एवं भंडारण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रखी जाएं बैठक के पश्चात अधिकारियों एवं पटाखा व्यापारियों द्वारा संयुक्त रूप से जेआरडी स्कूल मैदान का निरीक्षण किया गया तथा पटाखा दुकानों के सुरक्षित संचालन, अग्नि सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए गए अग्नि सुरक्षा, जनसुरक्षा, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर व्यापारियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए व्यापारियों के लिए प्रशासन द्वारा जारी की गाइडलाइन अधिकारियों ने बताया कि पटाखा दुकानदारों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। इसके अंतर्गत पटाखा दुकानों के आसपास किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग एवं भंडारण नहीं किया जाएगा। आम नागरिकों की सुविधा के लिए पार्किंग की पृथक एवं व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे। प्रत्येक दुकान एवं परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सके। पुलिस कंट्रोल रूम के लिए पृथक टेंट की व्यवस्था कर माइक उद्?द्घोषणा एवं सीसीटीवी की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दुकानों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक छह दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी एवं खाली स्थान रखा जाएगा, जिससे आपातकालीन स्थिति में आग पर नियंत्रण एवं बचाव कार्य में सुविधा हो रेत से भरी बाल्टी, पानी एवं अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहेंगे। वैध लाइसेंसधारी व्यापारी ही पटाखों की बिक्री करेंगे तथा लाइसेंस दुकान के सामने स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करेंगे।

यादव भवन का उद्घाटन सांसद लक्ष्मी वर्मा ने किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा ग्राम छतौद में नवनिर्मित यादव भवन के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माननीय श्रीमती लक्ष्मी वर्मा जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं तथा श्रीमती स्वाति वर्मा, सभापति जिला पंचायत रायपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि द्वारा विधिवत नवनिर्मित यादव भवन का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर अतिथियों ने समाज के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यादव भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज की एकता, संगठन, संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह भवन समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।श्रीमती स्वाति वर्मा ने समाज की एकजुटता और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि संगठित समाज ही विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है।कार्यक्रम में यादव समाज के जिलाध्यक्ष जागेश्वर यादव, उपाध्यक्ष सोनू यादव, सचिव श्री टिल्लू यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, ओमप्रकाश ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत छतौद सहित समाज के वरिष्ठजन, सामाजिक बंधु एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सभी ने समाज की प्रगति, एकता एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

एक नजर

हृदय में गुरु नहीं तो प्रभु का वास भी नहीं: मौलिकप्रभ जी

राजनांदगांव 4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जब हम संसार रूपी सागर में डूब जाते हैं और ऐसे समय में सदुरु हमें तारने के लिए हाथ आगे बढ़ाते तो हम क्यों चुक जाते हैं। हमें यह मौका कभी नहीं खोना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदुरु हमें तारने वाला होता है। जिस हृदय में गुरु का वास नहीं होता उस हृदय में प्रभु का वास भी नहीं हो सकता! उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य मौलिकप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने कहा कि पर के बारे में हमने बहुत सोच लिया है अब हमें अपने बारे में भी सोचना चाहिए। हम इस संसार में आखिर कब तक भटकते रहेंगे। हमारे हृदय में यदि गुरु का वास होता तो हमारा जीवन अलग ही होता। हमारे भीतर पाप भरा हुआ है। हम कषायों से घिरे हुए हैं।मन में धन सम्पदा का वास है। मुनि श्री मौलिकप्रभ सागर जी ने आगे कहा कि चिंतन करें कि हमारा जीवन किस प्रकार की राह में है और उसे किस प्रकार की राह में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कषायों से दूर रहें और जीवन को सफल बनाने का प्रयास करें।

जहर सेवन कर बेहोश हुई महिला का डायल-112 ने त्वरित अस्पताल पहुँचाकर कराया इलाज



बलौदाबाजार 4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा श्री गौरव राय (भा.पु.से.) के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने तथा आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु डायल 112 पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में थाना कसडोल क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 की टीम ने त्वरित सूझबूझ और तत्परता का परिचय देते हुए जहर का सेवन कर चुकी एक महिला की जान बचाकर अनुकरणीय मिसाल पेश की है। आपातकालीन सूचना दिनांक 03.11.2026 को दोपहर करीब 01.00 बजे डायल 112 नियंत्रण कक्ष से सूचना प्राप्त हुई कि थाना कसडोल अंतर्गत ग्राम में एक महिला द्वारा अज्ञात कारणों से अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया गया है, जिससे उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर और बेहोशी की हालत में है। पुलिस टीम की त्वरित रवानगीः सूचना मिलते ही क्षेत्र में तैनात डायल 112 वाहन ('बाज 1' कसडोल) बिना किसी विलंब के तत्परता दिखाते हुए अल्प समय में ही सीधे घटना स्थल ग्राम पहुँच गई। गोल्डन ऑवर में अस्पताल स्थानांतरणः मौके पर पहुँचकर पुलिस कर्मियों ने देखा कि महिला की हालत बेहद नाजुक और बेहोश थी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए आरक्षक एवं चालक ने बिना एक भी पल गंवाए तत्काल महिला को सुरक्षित रूप से 112 वाहन में बैठाया और उसके पति के साथ त्वरित गति से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल के लिए रवाना हुए।अस्पताल पहुँचकर पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए ऑन-ड्यूटी डॉक्टर को महिला की गंभीर स्थिति एवं जहर सेवन की पूरी जानकारी दी, जिससे डॉक्टरों द्वारा तत्काल प्रभाव से उसका इलाज शुरू किया जा सका।

राज्योत्सव में स्वच्छता दीदियों की 'कबाड़ से जुगाड़' प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

■ 'कांतारा फिल्म की झांकी ने खींचा नागरिकों का ध्यान, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव ने की सराहना'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 26 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव 2026 में नगर पालिक निगम राजनांदगांव का स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। निगम की स्वच्छता दीदियों ने 'कबाड़ से जुगाड़' की थीम पर अनुपयोगी वस्तुओं से आकर्षक कलाकृतियां और झांकी तैयार कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रदर्शनी में कांतारा फिल्म की झांकी विशेष आकर्षण रही, जिसे देखने के लिए बडी संख्या में जिले वासियो की सहभागिता रही। राज्योत्सव में विभिन्न स्टॉलों के अवलोकन के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव ने नगर निगम के इस नवाचार की सराहना की।

स्वच्छता दीदियों द्वारा तैयार प्रदर्शनी में बेकार और अनुपयोगी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग कर उन्हें आकर्षक कलाकृतियों का रूप दिया गया। इसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जिसे हम कचरा समझकर फेंक देते हैं, उसका भी बेहतर उपयोग किया जा सकता है। स्वच्छता दीदीयो द्वारा कांतारा की झाकी बनाने में वेस्ट गुड़िया काटुन, बाटल, थरमाकोल, फूल, गजरा का उपयोग किया गया था। इसी प्रकार वेस्ट बाटल, डिब्बा आदि से छत्तीसगढ मेहतारी सहित टॉय बाईसिकल, डोरेमोन, जिराफ, शेर, मगरमच्छ, केकड़ा आदि आकर्षक खिलोने बनाए गये थे। प्रदर्शनी के जरिए वेस्ट टू आर्ट, रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल की अवधारणा को फ्लीभूत किया गया। साथ ही नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, प्लास्टिक का उपयोग नही करने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हुए शहर को स्वच्छ सुंदर, पर्यावरण अनुकुल प्लास्टिक फ्री बनाने का संदेश दिया गया। 51 वार्डों में 17 एसएलआरएम सेंटर, 442 स्वच्छता दीदियां संभाल रहीं जिम्मेदारी' उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के 51 वार्डों में 17 एसएलआरएम (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन) सेंटर संचालित हैं। यहां 442 स्वच्छता दीदियां कार्यरत हैं, जो प्रतिदिन घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करती हैं। वे गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण कर उसके उचित प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन केंद्रों में कबाड़ और जैविक खाद की बिक्री से अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा रही है। राज्योत्सव में स्वच्छता दीदियों की इस प्रदर्शनी ने न केवल उनकी रचनात्मकता और मेहनत को मंच दिया, बल्कि यह भी साबित किया कि स्वच्छता अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि कचरे को संसाधन में बदलकर रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को बल दिया जा सकता है।

धान खरीदी की तैयारी में अगले सात दिन महत्वपूर्ण

सभी व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करें : कलेक्टर



राजनांदगांव 4 नवंबर। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने आगामी धान खरीदी की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को विशेष सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अगले सात दिन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवधि में सभी आवश्यक तैयारियां प्राथमिकता से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत सीईओ को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए धान खरीदी की तैयारियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के संबंध में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में किसानों के दस्तावेजों एवं आवश्यक जानकारियों का सत्यापन गंभीरता से किया जाए। पिछले वर्ष धान विक्रय के दौरान जिन किसानों को किसी प्रकार की समस्या हुई थी, उनसे संपर्क कर उनकी समस्याओं का पहले ही निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐसे किसानों की जानकारी संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदारों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारी अगले सात दिनों में आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें, जिससे खरीदी प्रारंभ होने के बाद किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हो।

कलेक्टर ने सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से महाराष्ट्र सीमा से लगे क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन की संभावनाओं को देखते हुए सतर्कता बढ़ाने तथा आवश्यक स्थानों पर निगरानी व्यवस्था मजबूत करने कहा। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में एआई आधारित आधुनिक कैमरे लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को राइस मिलों का सघन निरीक्षण करने तथा धर्मकांटों की अनिवार्य रूप से जांच करने कहा। उन्होंने धर्मकांटों में तौल की शुद्धता जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निरीक्षण एवं जांच कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने कहा। कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में लगे सभी सर्वेयरों की लंबित राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को खरीफ फसल के बाद रबी मौसम में धान के स्थान पर कम पानी की आवश्यकता वाली वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने कहा।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले के ग्राम खैरा में सभी 141 घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित होने की उपलब्धि पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, विद्युत विभाग, बैंक अधिकारियों एवं योजना के क्रियान्वयन में सहयोग करने वाले कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास एवं बेहतर समन्वय से उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। कलेक्टर ने अन्य ग्रामों को भी शत-प्रतिशत सोलरयुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक जनजागरूकता बढ़ाने कहा। उन्होंने कहा कि यह योजना आम नागरिकों के बिजली व्यय को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। जिले में अब तक 8 हजार 135 हितग्राहियों द्वारा सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। जिससे हितग्राही स्वयं ऊर्जादाता बन चुके हैं। नागरिकों को इस योजना से लाभान्वित करने के लिए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अब तक 16 हजार 167 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने शेष आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

भाजपा लोकतंत्र और महतारी को हटाकर अराजकता को बचाने पर तुली: कांग्रेस

■ आपरेशन सिंदूर के नायक के बिदाई में भी रोड़ा बनी भाजपा - रूपेश दुबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 4 नवंबर। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने भाजपा के लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ रूपी नौटंकी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाएं की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है जिस प्रकार से निर्वाचन आयोग की कार्य प्रणाली एक व्यक्ति विशेष के अधिनायक वाद के चलते कलंकित हुई है वास्तविक वोटरों के नाम कटने से अराजकता निर्मित हो गई है उसे हटाने के लिए कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट बचाओ देश बचाओ के उद्देश्य से रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के साथ एकत्रित होकर आवाज बुलंद की है उससे भयभीत भाजपा असफल नौटंकी कर रही है।

प्रवक्ता दुबे ने कहा कि एक व्यक्ति को बचाने के लिए केंद्र सरकार को जिस प्रकार से पापड़ बेलने पड़ रहे हैं वह केंद्र सरकार का अपराधबोध है वहीं छ ग की अराजक भाजपा सरकार राज्योत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी के फोटो न लगाकर महतारी की हत्या करने का काम कर दी है वह अपने आप में अक्षम्य अपराध है जिससे छ ग वासियों की भावनाएं आहत हुई है।इसी प्रकार ऑपरेशन सिंदूर के नायक एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह जी के विदाई अवसर पर परंपरागत रूप से टीईई फेयरवेल पार्टी जो एयर फोर्स स्पोर्ट्स कांप्लेक्स दिल्ली में आयोजित होती रही है उस स्थल पर एक दिन पूर्व तालाबंदी करा कर शौर्य का अपमान केंद्र सरकार ने कर दी है। कांग्रेस और विपक्ष के आयोजन से करोड़ों रुपए के व्यापार में हानि होने की बात करने वाली भाजपा और उनके व्यापारिक संगठन को यह स्वयं आत्म चिंतन करना चाहिए कि केंद्र और दिल्ली की सरकार ने दिल्ली में त्योहारी सीजन में बीएस-4 ट्रको के प्रवेश पर जिस प्रकार से प्रतिबंध लगाया है जिसके चलते थोक व चिल्हर व्यापारी वर्ग परेशान हैं क्योंकि मार्केट में सामग्रियां पहुंच नहीं पा रही हैं और अपनी इस साजिश को कांग्रेस के प्रदर्शन बताकर देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है ये सब भाजपा राज में अराजकता का प्रमाण है।

उपभोक्ता आयोग ने दिलाई बीमा पॉलिसी की देय शेष राशि

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। उपभोक्ता के बीमा बचत मनी बैक पालिसी की शेष बचत राशि प्रदाय नहीं किये आने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उक्त बीमा पालिसी में देय शेष राशि एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 10000 तथा वाद-व्यय हेतु 5000 रूपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार गाँधी चौक निवासी शैलेश कुमार गुप्ता ने 20 मार्च 2014 को भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा बचत मनी बैक पालिसी 12 वर्षों के लिए लिया था जिसका एकल प्रीमियम 75567 रुपए अदा किया।पालिसी ब्रोसर के अनुसार कुल परिपक्व राशि 1,57,945प्राप्त होना था, परंतु विरोधी पक्षकार द्वारा कुल 1,26,066 राशि परिवादी को प्रदाय किया गया शेष राशि अदा नहीं किया गया।

किसानों के साथ खड़ी है साय सरकार :परदेसी सोनबोईर

■ कहा - आपदा में राजनीति नहीं, किसानों को सहयोग जरूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 4 नवंबर। तिलाई भाजपा मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। चक्रवात अर्णब के कारण प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार गंभीर है। सरकार ने प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए जिला कलेक्टरों को तत्काल फसल क्षति का सर्वेक्षण कराने और पात्र किसानों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत और उनकी आजीविका से जुड़े इस गंभीर विषय पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करने के बजाय संवेदनशीलता दिखाने और प्रभावित किसानों को वास्तविक राहत दिलाने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

श्री सोनबोईर ने कहा कि खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचना केवल कृषि उत्पादन में कमी का मामला नहीं है, बल्कि इसके साथ किसान परिवारों की आर्थिक स्थिति, सालभर की मेहनत और आगामी कृषि चक्र की तैयारियां भी जुड़ी होती हैं। किसान अपनी फसल से परिवार की जरूरतें पूरी करने के साथ ही अगली फसल की तैयारी और खेती की लागत जुटाने की उम्मीद रखते हैं। ऐसे में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए समय पर सर्वेक्षण, पारदर्शी आकलन और पात्रतानुसार सहायता उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 30 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को फसल क्षति का तत्काल सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रभावित एवं पात्र किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के प्रावधानों और निर्धारित मानदंडों के अनुसार शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि फसल क्षति के सर्वेक्षण से लेकर सहायता वितरण तक की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। श्री सोनबोईर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रभावित किसानों तक राहत पहुंचाना है। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी गंभीरता से काम करना चाहिए ताकि वास्तविक नुकसान का सही आकलन हो और पात्र किसानों को समय पर सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि आपदा के समय किसान को सरकारी व्यवस्था से त्वरित सहयोग और भरोसे की जरूरत होती है। कृषि विभाग से संबंधित 30 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित जानकारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक फसल क्षति की 59,666 सूचनाएं प्राप्त हुई थीं। इनमें से 88 सूचनाओं का सर्वेक्षण पूरा हो चुका था, जबकि शेष मामलों में सर्वेक्षण की प्रक्रिया जारी थी। यह स्थिति बताती है कि प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य को तेजी से पूरा करना और नुकसान का वास्तविक आकलन करना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान प्रभावित किसानों की वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखा जाना चाहिए। किसी भी पात्र किसान को आवश्यक दस्तावेजों या प्रक्रिया संबंधी परेशानी के कारण अनावश्यक रूप से राहत से वंचित नहीं होना चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि वह प्रभावित किसानों को जरूरी जानकारी उपलब्ध कराए और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करे। श्री सोनबोईर ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के लिए राजस्व सहायता के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी महत्वपूर्ण है। प्रदेश में धान सहित कुल 11 अधिसूचित फसलें इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार प्रदेश में लगभग 21.26 लाख हेक्टेयर धान का रकबा बीमित कराया गया है। उन्होंने बताया कि खरीफ एवं रबी 2025-26 के दौरान 16.70 लाख से अधिक किसानों ने फसल बीमा कराया था तथा 1,40,730 किसानों को कुल 292.43 करोड़ रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया था। उन्होंने कहा कि राजस्व सहायता और फसल बीमा अलग-अलग व्यवस्थाएं हैं। इसलिए प्रभावित किसानों को उनकी पात्रता और लागू नियमों के अनुसार दोनों व्यवस्थाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जानी चाहिए। श्री सोनबोईर ने किसानों से अपील की कि वे फसल नुकसान होने की स्थिति में बीमा संबंधी प्रक्रिया की अनदेखी न करें। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत स्थानीय आपदा तथा कटाई के बाद खेत में सुखाने के लिए रखी गई फसल को हुए नुकसान पर निर्धारित शर्तों के अनुसार दावा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि फसल नुकसान की सूचना घटना के 72 घंटे के भीतर देना जरूरी है। इसके लिए किसान कृषि रक्षक हेल्पलाइन नंबर 14447 पर सूचना दे सकते हैं। उपलब्ध योजना संबंधी जानकारी के अनुसार, सूचना मिलने के बाद बीमा कंपनी द्वारा 48 घंटे के भीतर सर्वेयर नियुक्त करने का प्रावधान है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सर्वेक्षण और आकलन के बाद पात्र दावा राशि के भुगतान की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे फसल क्षति की सूचना देने में देरी न करें और नुकसान से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज सुरक्षित रखें। जरूरत पड़ने पर संबंधित कृषि विभाग के अधिकारियों और बीमा कंपनी से संपर्क कर दावा प्रक्रिया की जानकारी लें, ताकि समयसीमा के कारण उनका दावा प्रभावित न हो। श्री सोनबोईर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा किसी राजनीतिक दल को देखकर नहीं आती। इसका असर सभी प्रभावित किसानों और उनके परिवारों पर पड़ता है। इसलिए इस विषय को राजनीतिक विवाद बनाने के बजाय किसानों की मदद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से ही प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिल सकती है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के अनुरूप सर्वेक्षण और सहायता वितरण की प्रक्रिया में तेजी आएगी तथा पात्र किसानों को नियमानुसार राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसान छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण जीवन की रीढ़ हैं। उनके हितों की रक्षा करना और संकट के समय उनके साथ खड़ा रहना सरकार, प्रशासन और समाज सभी की जिम्मेदारी है।

शक्ति कॉन्वेंट स्कूल में अंजनेया यूनिवर्सिटी ने किया करियर फेयर का आयोजन



सिमगा 4 नवंबर। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं बेहतर करियर निर्माण के उद्देश्य से 30 अक्टूबर 2026 को शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा में अंजनेया यूनिवर्सिटी द्वारा भव्य करियर फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, रोजगार के अवसरों तथा भविष्य में करियर चयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में अंजनेया यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ. जयेंद्र नारंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर श्री विक्रम सिंह ठाकुर, काउंसलर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती रागिनी भोमिक तथा असिस्टेंट प्रोफेसर एवं एडमिशन कोऑर्डिनेटर सुश्री प्रियंका तिर्की विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप सही करियर का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों, उच्च शिक्षा की संभावनाओं एवं रोजगारपरक शिक्षा के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्री कमल सोनी, हिंदी माध्यम की प्राचार्या श्रीमती शोभा सोनी, उपप्राचार्य डॉ. आकाश सोनी, अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या श्रीमती स्मिता सोनी एवं व्याख्याता श्री अभिषेक जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा अंजनेया यूनिवर्सिटी से पधारे सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपने भविष्य से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, सही दिशा में आगे बढ़ने तथा अपने लक्ष्य निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होता है। विद्यालय के डायरेक्टर श्री कमल सोनी एवं समस्त विद्यालय प्रबंधन ने अंजनेया यूनिवर्सिटी की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय में समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक एवं करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाला अनुभव रहा।

वेदांता पब्लिक स्कूल गिधौरी में पुलिस का विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 4 नवंबर। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा लगातार जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं को कम उम्र से ही कानून की जानकारी, सुरक्षा और अच्छे संस्कारों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 03.11.2026 को थाना गिधौरी पुलिस की टीम द्वारा वेदांता पब्लिक स्कूल गिधौरी में एक भव्य एवं उपयोगी यातायात व सड़क सुरक्षा सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को दिए गए महत्वपूर्ण सुरक्षात्मक एवं जीवनोपयोगी पाठः- कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति में विभिन्न संवेदनशील व महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से संवाद किया गयाः

सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचावः विद्यार्थियों को फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया साइट्स और उस पर बनने वाली रील्स की लत से दूर रहने की सख्त सलाह दी गई, ताकि उनका कीमती समय और मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके। नशा मुक्ति का संदेशः वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ बच्चों को जागरूक किया गया। नशे से होने वाली बुराइयों, शारीरिक व मानसिक नुकसान तथा इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

गुड टच और बैड टच की समझः बाल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच का अंतर बहुत ही सरल तरीके से बताया गया। उन्हें यह भी सिखाया गया कि यदि ऐसी कोई भी असहज स्थिति महसूस हो, तो बिना डरे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस को इसकी जानकारी दें। यातायात नियमों का पालन व नाबालिग वाहन चालन पर रोकः सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिग बच्चों को मोटर साइकिल या किसी भी प्रकार के वाहन न चलाने के कड़े निर्देश दिए गए। ऑनलाइन गेमिंग (फ्री फायर) की लत से दूरीः बच्चों को 'फ्री फायर' जैसे हिंसक और लत लगाने वाले ऑनलाइन वीडियो गेम्स से दूर रहने की हिदायत दी गई, जिससे उनका ध्यान पढ़ाई और खेलकूद पर केंद्रित रहे।

विपक्ष को मोदी याद दिला रहे हैं उसका काम

लोकतंत्र में पक्ष व विपक्ष दोनों को जनता चुनाव में जनादेश देती है।जनता सत्ता जिसको सौंपती है,उसे देशहित व जनहित में काम करने का दायित्व सौंपती है तथा विपक्ष को वह सत्तारूढ़ दल जनहित व देशहित में ठीक से काम कर रहा है या नहीं यह देखने का काम सौंपती है। जब सत्तारूढ़ दल अपना काम ठीक से करता है तो जनता उसे दूसरी बार व तीसरी बार सत्ता भरोसे के साथ सौंपती है कि वह दो बार अच्छा काम करके दिखाया है तो तीसरी बार भी इसी उम्मीद में सत्ता सौंपती है कि वह दो बार अच्छा काम करी है तो तीसरी बार भी अच्छा काम करेगी। वहीं विपक्ष अपना काम दूसरी बार अच्छे से नहीं करता है तो उसे फिर वही काम सौंप दिया गया है कि वह अपना काम तो अच्छे से करके दिखाए।साथ ही यह संदेश भी जनता ने दे दिया है कि अगर विपक्ष अपना काम ठीक से नहीं करता है तो उसे अगली बार भी फिर वही काम अच्छे से करने के लिए सौंपा जाएगा। लोकंतत्र में विपक्ष को काम होता है सरकार का बताना होता है कि आप की यह नीति जनता व देश के लिए ठीक नहीं है।उसका काम होता है सरकारी नीतियों की खामी बताना। यह काम वह ठीक से नहीं करता है तो जनता उसे सत्ता के लायक नहीं समझती है और उसे फिर से मौका देती है कि वह अपना काम ठीक से करके दिखाए। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि विपक्ष से ठीक से काम नहीं कर रहा है तो जनता बार बार विपक्ष में बिठाकर संदेश दे रही है कि आप को सत्ता तब ही सौंपी जाएगी जब आप विपक्ष का काम ठीक से करोगे।यह भी पहली बार हुआ है कि सत्तारूढ़ दल के मुखिया पीएम मोदी को भी कहना पड़ रहा है कि विपक्ष अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है।वह अपना काम छोड़कर ऐसा काम कर रहा है जिससे देश को नुकसान हो रहा है।विपक्ष का काम सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना है लेकिन जब सरकार की गलत नीतियों की जगह देश के विकास का अवरोध करता है तो इससे देश को नुकसान होता है,विकास प्रभावित होता है। देश का विपक्ष विरोध की जगह अवरोध की राजनीति कर रहा है,इसलिए पीएम मोदी को जनता को बताना पड़ रहा है कि आपने जिसे विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, वह अपना काम ठीक से नहीं कर रहा है।वह विरोध की जगह अवरोध की राजनीति कर रहा है।वह यह भी बता रहे हैं कि अवरोध की राजनीति तो देश के कई राज्यों में नक्सली करते रहे हैं और उससे छत्तीसगढ़ सहित कई राज्य विकास के मामले में पिछड गए थे। माना गया था कि जब तक राज्यों से नक्सलियों का सफाया नही हो जाता राज्यों को तेजी से विकास नहीं हो सकता।जनता व पुलिस,सुरक्षा बलों के सहयोग से नक्सलियों का सफाया हो गया है लेकिन अब शहरों में रहने वाले दिमागी नक्सली वही अवरोध की राजनीति कर रहे हैं और राज्य व देश के विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं।वह आए दिन देश की राजधानी में ऐसे आयोजन करते हैं जिससे देश का विकास,व्यापार प्रभावित होता है।पीएम मोदी लोगों को आगाह कर रहे है कि दिमागी नक्सली व देशविरोधी ताकतें भारत के विभाजन की साजिश रच रही हैं,वह आपस मे लोगों को लड़ाकर देश में अराजकता फैलाना चाहती हैं,देश के लोगों को इससे सतर्क रहते हुए इनसे निपटना होगा।देश से माओवादियों का अंत तो हो गया लेकिन दिमागी नक्सली का खतरा टला नहीं है।देश की जनता को इनसे सतर्क रहना होगा,इनसे मुकाबला करना होगा। नक्सलियों की क्या पहचान थी, नक्सली संविधान को नहीं मानते थे,अदालत को नहीं मानते थे, वह सरकार को नहीं मानते थे,वह जहां भी रहते थे तो अपना कानून चलाते थे, अपनी अदालत लगाते थे, खुद की जज बनकर आम लोगों को सजा देते थे।लोकतंत्र में तो दो ही अदालत होती है, एक जनता की अदालत और एक न्याय की अदालत।जिनका लोकतंत्र में भरोसा होता है, वह चुनाव जरिए जनता की अदालत में जाता है और जनता जो फैसला देती है उसे मानता है,यदि देश में कुछ संविधान के अनुरूप नहीं होता है तो वह अदालत जाता है और अदालत के फैसले के इंतजार करता है।जो लोकतंत्र में यकीन नहीं करते हैं वह अदालत के फैसले का इंतजार नहीं करते हैं और खुद ही माक पार्लियामेंट का आयोजन देश की राजधानी में एक घर में कर फैसला सुनाते हैं कि सीईसी दोषी है।२४ का चुनाव अवैध है।ग्रेस व विपक्षी गठबंधन का माक पार्लियामेंट के आयोजन की तुलना तो नक्सलियों के जनअदालत से की जा सकती है जिसमें नक्सली जिसको खुद ही किसी को दोषी मान लेते हैं,उसके लिए नाम को जनअदालत का आयोजन करते थे,उसमें ग्रामीणों को बुलाते थे और वह जिसे दोषी मानते थे,उसे कुछ कहने का मौका दिए बगैर सजा सुना देते है और वह सजा मौत की होती थी।नक्सलियों की जनअदालत ग्रामीणों में आंतक पैदा करने वाली होती थी ताकि उनके खिलाफ कोई कुछ न करे। उनके आतंक के साए में डरकर रहे और वह जो कहते है,करते हैं, उसी ही जनता सही माने।कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन की मानसिकता भी यही हो गई है कि वह चाहते हैं कि वह जो कुछ कह रहे हैं,उसे जनता ठीक माने, वह जो कुछ कर रहे है,उसे जनता सही माने।भले ही संविधान व संसद की गरिमा के प्रतिकूल ही क्यों न हो।देश की जनता विवेकवान है, वह हर चुनाव में अपने विवेक से फैसला देती है। पीएम मोदी ने जनता का आगाह किया है तो चुनाव में फिर एक बार जनता कांग्रेस व गठबंधन के आचार विचार पर अपना जरूर देगी।

चर्चित मुद्दा

चीन की घुसपैठ पर चौकस भारत, बदलती सीमा की तस्वीर

अशोक कुमार साहू



वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच तनाव का बने रहना इस बात का संकेत है कि सीमा विवाद का समाधान अभी दूर है। पूर्वी लद्दाख के गलवान में वर्ष 2020 की हिंसक घटना के बाद दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुआ अविश्वास आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा पर हाल में सामने आए सैनिकों के बीच आमने-सामने के टकराव ने एक बार फिर इस संवेदनशील क्षेत्र की सामरिक अहमियत और भारत की सुरक्षा तैयारियों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। चीन की ओर से सीमा पर अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने और गश्त के तौर-तरीकों को लेकर मतभेद पैदा करने की कोशिशें भारत के लिए लगातार चुनौती बनी हुई हैं। हाल ही में सेवानिवृत्त हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर कई स्थानों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमने-सामने की स्थिति बन रही है। उनके अनुसार, जुलाई 2026 में भी ऐसी परिस्थितियां पैदा हुई थीं। ऊपरी सुबनसिरी जिले के ताकसिंग क्षेत्र के निकट असफिला और माजा इलाके में गतिरोध की खबरें सामने आईं। बताया गया कि नियमित गश्त के दौरान दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने आ गए थे। शुरुआती तनातनी के बाद चीनी सैनिकों की अधिक संख्या में वापसी और वहां तंबू लगाए जाने की खबरों ने स्थिति की गंभीरता बढ़ा दी। इस दौरान आईटीबीपी की नवगठित शौर्य कमांडो इकाई की भूमिका भी चर्चा में रही। भारत सरकार ने स्पष्ट किया कि सीमा पर तनाव की स्थिति तब पैदा होती है, जब चीनी सैनिक पूर्व निर्धारित समझौतों और गश्ती प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते। इसके जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने अपनी सेना का बचाव करते हुए कहा कि चीन भारत के साथ हुए द्विपक्षीय समझौतों का गंभीरता से पालन करता है और उसकी सेना अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए सामान्य गश्त करती है। बीजिंग ने भारत से भी सहमतियों का पालन करने की अपेक्षा जताई। दोनों देशों के परस्पर विरोधी दावों से स्पष्ट है कि सीमा विवाद अभी समाप्त नहीं हुआ है। वास्तविक नियंत्रण रेखा का पूर्ण सीमांकन नहीं होने और दोनों देशों की अलग-अलग क्षेत्रीय धारणाओं के कारण गश्त के दौरान टकराव की आशंका बनी रहती है। ऐसे में भारत के लिए अपनी संप्रभुता की रक्षा के प्रति सतर्क रहना जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक सैन्य और कूटनीतिक संवाद बनाए रखना भी है, ताकि स्थानीय स्तर पर पैदा होने वाला विवाद किसी बड़े सैन्य संघर्ष का रूप न ले सके। वर्ष 2020 की गलवान घाटी की घटना भारतीय सुरक्षा नीति के लिए निर्णायक मोड़ साबित हुई। इसने स्पष्ट कर दिया कि चीन जैसी सैन्य शक्ति के सामने केवल पारंपरिक सैन्य तैनाती और पुराने सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं। दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में त्वरित आवाजाही, आधुनिक हथियार, बेहतर संचार, चौबीसों घंटे निगरानी और पर्याप्त रसद किसी भी चुनौती का मुकाबला करने के लिए अनिवार्य हैं। इसके बाद केंद्र सरकार ने चीन सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास को विशेष प्राथमिकता दी। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के माध्यम से सड़कों, पुलों, सुरंगों और अग्रिम चौकियों का निर्माण तेज किया गया। पहले जहां कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, मौसम और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण परियोजनाएं वर्षों तक लंबित रहती थीं, वहीं अब रणनीतिक महत्व के निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। तवांग के लिए वर्ष 2024 में शुरू हुई सेला सुरंग इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है। भारी बर्फबारी के दौरान भी तवांग से संपर्क बनाए रखने में यह सुरंग मददगार है। इससे सैनिकों, सैन्य वाहनों और रसद की आवाजाही अधिक सुगम हुई है। लगभग 1,840 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे का उद्देश्य भी सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ना और सेना की त्वरित तैनाती की क्षमता बढ़ाना है। इसी तरह मिस्सामारी और भालुकपोंग से तवांग तक प्रस्तावित रेल संपर्क भविष्य में इस क्षेत्र की सामरिक और आर्थिक पहुंच को मजबूती दे सकता है। चीन की सैन्य क्षमताओं को देखते हुए भारत ने सीमा सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया है। आईटीबीपी के आधुनिकीकरण के लिए गृह मंत्रालय की ओर से लगभग 3,500 से 4,000 करोड़ रुपये की योजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिलने की जानकारी सामने आई है। इसमें ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक पर विशेष जोर है। आईटीबीपी की सीमावर्ती बटालियनों में ड्रोन प्लाटून गठित करने और स्वदेशी ड्रोन विकसित करने की पहल की जा रही है, ताकि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में चीनी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके। आधुनिक युद्ध में अब केवल पारंपरिक हथियारों की भूमिका निर्णायक नहीं रह गई है। ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और वास्तविक समय में मिलने वाली खुफिया सूचनाएं सैन्य रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी हैं। इसलिए भारत की कोशिश है कि सीमा पर तैनात जवानों को आधुनिक तकनीक और बदलती युद्ध परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाए। आईटीबीपी की शौर्य कमांडो इकाई इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन जवानों को ऊंचाई वाले दुर्गम क्षेत्रों में आमने-सामने की परिस्थितियों और संभावित घुसपैठ का प्रभावी जवाब देने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आईटीबीपी को केवल सीमा की निगरानी करने वाले बल के बजाय आधुनिक पर्वतीय युद्ध क्षमता से लैस सुरक्षा बल के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके अलावा अग्रिम चौकियों पर सुरक्षित बंकर और भूमिगत शेल्टर बनाने, जवानों के आवासों को अत्यधिक ठंड के अनुकूल बनाने तथा सेना और आईटीबीपी के बीच खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। यह सभी प्रयास बताते हैं कि भारत अब सीमा सुरक्षा को केवल सैनिकों की तैनाती तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि तकनीक, बुनियादी ढांचे और बेहतर सैन्य समन्वय को भी उसका अभिन्न हिस्सा बना रहा है। अरुणाचल प्रदेश की सामरिक अहमियत समझने के लिए तवांग और बुमला सीमा का इतिहास जानना जरूरी है। वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध में इस क्षेत्र ने भीषण संघर्ष और सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को देखा था। बुमला की लगभग 15,200 फुट ऊंची सीमा चौकी के निकट परमवीर चक्र विजेता सूबेदार जोगिंदर सिंह सहित वीर सैनिकों की स्मृतियां आज भी हर भारतीय के मन में देशभक्ति और गौरव का भाव जगाती हैं। बोमडिला से तवांग और फिर बुमला तक का सफर केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव नहीं है, बल्कि भारत की बदलती सामरिक शक्ति को देखने का अवसर भी है। पहाड़ों को काटकर बनाई गई सड़कें, सुरंगें, सेना के नए शिविर और बीआरओ के लगातार जारी निर्माण कार्य बताते हैं कि देश ने सीमावर्ती क्षेत्रों को लेकर अपनी प्राथमिकताएं किस तरह बदली हैं। बीआरओ के इंजीनियरों और श्रमिकों का योगदान विशेष उल्लेखनीय है, जो विषम मौसम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में काम करके सेना की आवाजाही और रसद आपूर्ति को सुगम बना रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर कुछ समय पूर्व गए छत्तीसगढ़ विधानसभा की प्रेस दीर्घा समिति के सदस्यों को बुमला सीमा पर तैनात सैनिकों से अनौपचारिक बातचीत का अवसर मिला था। आसपास की ऊंची बर्फीली चोटियों की ओर संकेत करते हुए सैनिकों ने बताया कि दोनों देशों के जवान कई स्थानों पर आमने-सामने तैनात हैं। सर्दियों में बर्फबारी और अत्यधिक ठंड की चुनौतियों के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके पास ठंड से बचाव के आधुनिक कपड़े और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीमा पर टकराव के बारे में सवाल पूछने पर एक सैनिक ने मुस्कराते हुए कहा कि सीमा है तो कभी-कभार नोकझोंक स्वाभाविक है। उनके चेहरे का आत्मविश्वास और सहजता भारतीय सैनिकों के बुलंद मनोबल का परिचायक था। बुमला में एक और दृश्य ध्यान आकर्षित करता है। भारत की ओर से औपचारिक अनुमति लेकर बड़ी संख्या में पर्यटक और आम नागरिक सीमा तक पहुंचते हैं, जबकि चीन की ओर अपेक्षाकृत सन्नाटा दिखाई देता है। भारतीय सेना आगंतुकों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराती है। यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और नागरिकों के प्रति विश्वास का प्रतीक है। इसके विपरीत चीन में सीमावर्ती क्षेत्रों में आम नागरिकों की आवाजाही पर अधिक नियंत्रण दिखाई देता है। अरुणाचल प्रदेश का सबसे उल्लेखनीय पक्ष यहां के लोगों की भारत के प्रति गहरी निष्ठा और राष्ट्रीय चेतना है। लगभग 83,743 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह राज्य प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक विविधता और सामरिक महत्व की दृष्टि से विशिष्ट है। चीन, म्यांमार और भूटान से सीमा साझा करने के बावजूद यहां के नागरिकों ने अपनी भारतीय पहचान पर हमेशा गर्व किया है। सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय समुदाय सेना के साथ सहयोग करते हैं और चीन की संदिग्ध गतिविधियों के प्रति सजग रहते हैं। वर्ष 1947 के बाद यह क्षेत्र असम का हिस्सा था और नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (नेफा) के नाम से जाना जाता था। 1972 में इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया और 20 फरवरी 1987 को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला। इस अवधि में लोकतांत्रिक संस्थाओं, शिक्षा, संचार और विकास के विस्तार ने इसकी राष्ट्रीय मुख्यधारा से जुड़ाव को मजबूत किया है। अरुणाचल प्रदेश में अलगाववाद और उग्रवाद की वैसी समस्या कभी प्रमुख रूप में सामने नहीं आई, जैसी पूर्वोत्तर के कुछ अन्य क्षेत्रों में देखने को मिली। हालांकि, स्थानीय नागरिकों की राष्ट्रनिष्ठा का अर्थ यह नहीं है कि उनकी हर चिंता को नजरअंदाज कर दिया जाए। सियांग नदी पर प्रस्तावित लगभग 11,200 मेगावाट की सियांग अपर मल्टीपर्पज परियोजना इसका उदाहरण है। तिब्बत में यारलुंग सांगपो नदी पर चीन की विशाल बांध परियोजना के संदर्भ में भारत की यह परियोजना जल और सामरिक सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लेकिन स्थानीय आदि समुदाय और अन्य प्रभावित आबादी को अपनी पुश्तैनी जमीन, गांवों, धार्मिक स्थलों, पर्यावरण और संभावित विस्थापन को लेकर आशंकाएं हैं।इन चिंताओं को किसी राजनीतिक षड्यंत्र या चीन के प्रभाव से जोड़कर खारिज करना उचित नहीं होगा। लोकतंत्र की ताकत यही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं पर भी स्थानीय नागरिकों की बात सुनी जाए। पर्यावरणीय प्रभावों का वैज्ञानिक आकलन हो, पुनर्वास की स्पष्ट नीति बने और प्रभावित समुदायों को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी मिले। चीन की चुनौती का जवाब देते हुए अपने ही नागरिकों का विश्वास कमजोर करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं होगा। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के नाम बदलने और उसे अपना हिस्सा बताने की कोशिशें भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का प्रयास हैं। भारत ने हमेशा स्पष्ट किया है कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न अंग है और चीन के ऐसे दावों से वास्तविकता नहीं बदल सकती। भारत को सीमा पर अपनी सैन्य तैयारियां मजबूत रखने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देनी होगी। पर्यटन, कृषि, बागवानी, शिक्षा और संचार के क्षेत्र में निवेश से युवाओं को रोजगार मिलेगा और सीमावर्ती गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। भारत को चीन के साथ संबंधों में शांति और सहयोग की संभावना बनाए रखनी चाहिए, लेकिन शांति की इच्छा को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। सैन्य कमांडरों की बैठकें, हॉटलाइन और कूटनीतिक संवाद तभी प्रभावी होंगे, जब दोनों देश सीमा प्रबंधन से जुड़े समझौतों का ईमानदारी से पालन करें। 1962 के भारत और आज के भारत में जमीन-आसमान का अंतर है। तब सीमित संसाधनों और कमजोर बुनियादी ढांचे के कारण भारतीय सैनिकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। आज वही देश आधुनिक हथियारों, बेहतर संचार, मजबूत सड़कों, सुरंगों, ड्रोन तकनीक और प्रशिक्षित पर्वतीय सैनिकों के बल पर अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए तैयार है। सबसे बड़ी ताकत यह है कि अब सीमावर्ती गांवों और वहां रहने वाले नागरिकों को भी राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा माना जा रहा है। अरुणाचल के बर्फीले पहाड़ों पर तैनात सैनिकों का साहस, बीआरओ के इंजीनियरों और श्रमिकों का परिश्रम तथा स्थानीय नागरिकों की राष्ट्रनिष्ठा मिलकर भारत की सुरक्षा का मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं। चीन के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है और अपनी संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा। सीमा पर शांति भारत की प्राथमिकता है, लेकिन शांति की कीमत राष्ट्रीय स्वाभिमान नहीं हो सकती। अरुणाचल की धरती से यही संदेश निकलता है कि भारत अब 1962 वाला देश नहीं है। वह विकास, आधुनिक सैन्य शक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के बल पर हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

राशिफल

मेष आज का दिन आपके जीवन में सुकून, खुशियां और सकारात्मकता लेकर आ सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और अपने प्रिय के साथ बिताए गए खूबसूरत पल मन को प्रसन्न रखेंगे। वैवाहिक जीवन में भी खुशियों की बहार रहेगी। जीवनसाथी को कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि, सम्मान या प्रमोशन मिलने के संकेत हैं, जिससे घर में उत्सव जैसा माहौल बन सकता है।

वृषभ आज का दिन नई जिम्मेदारियों के साथ तरक्की के अवसर भी लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई महत्वपूर्ण काम सौंपा जा सकता है, जिसमें अपनी योग्यता साबित करने का अच्छा मौका मिलेगा। आपकी मेहनत, ईमानदारी और काम के प्रति समर्पण वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित करेगा।

मिथुन आज आप पूरे उत्साह के साथ अपने कामकाज को आगे बढ़ाने में जुटे रहेंगे। समय पर जिम्मेदारियां पूरी करने की आपकी कोशिश अच्छे परिणाम दे सकती है। आपकी मधुर वाणी और विनम्र व्यवहार लोगों के बीच आपकी अलग पहचान बनाएंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट रखें और एक समय में एक काम पर ध्यान केंद्रित करें।

कर्क आज आपको अपने लक्ष्य से भटकने के बजाय पूरी एकाग्रता के साथ आगे बढ़ना होगा। कार्यक्षेत्र में अनुशासन और निरंतर प्रयास आपको सफलता के करीब ले जा सकते हैं। किसी काम में मनचाहा परिणाम पाने के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़े, तो पीछे न हटें। स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर भी सजग रहना जरूरी है।

सिंह आज आपको उत्साह के साथ-साथ समझदारी से भी काम लेना होगा। सुख-सुविधाओं और निजी जरूरतों पर खर्च बढ़ सकता है, इसलिए अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करें। प्रेम संबंधों में रोमांस और अपनापन बढ़ने के संकेत हैं। साथी के साथ कुछ अच्छे पल बिताने से रिश्ते में नई ताजगी आएगी।

कन्या आज किसी बड़े बदलाव के पीछे भागने के बजाय मौजूदा परिस्थितियों को संभालना आपके लिए अधिक फायदेमंद रहेगा। परिवार में किसी बात को लेकर तनाव या गलतफहमी चल रही है, तो बातचीत के जरिए उसका समाधान निकालने का प्रयास करें। मन में किसी पुराने मामले को लेकर बेचैनी रह सकती है।

तुला आज आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतना आपके लिए बेहद जरूरी होगा। किसी महत्वपूर्ण काम में अंतिम समय पर रुकावट आने से मन थोड़ा परेशान हो सकता है, लेकिन धैर्य बनाए रखें। व्यापार करने वालों को किसी भी सौदे या समझौते पर अंतिम मुहर लगाने से पहले सभी शर्तों की अच्छी तरह जांच करनी चाहिए।

वृश्चिक आज दिन की शुरुआत में कुछ उलझनें या परेशानियां सामने आ सकती हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। धीरे-धीरे परिस्थितियां बेहतर होने लगेंगी और आपको राहत महसूस होगी। विदेश यात्रा करने या विदेश से जुड़े किसी काम को आगे बढ़ाने की योजना बन सकती है। यदि आप किसी महत्वपूर्ण यात्रा की तैयारी कर रहे हैं, तो जरूरी दस्तावेजों और व्यवस्थाओं पर पहले से ध्यान दें।

धनु आज साझेदारी में किए गए कामों से अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। यदि आप किसी के साथ मिलकर व्यापार या कोई नई योजना चला रहे हैं, तो आपसी तालमेल बनाए रखना विशेष रूप से फायदेमंद रहेगा। परिवार के साथ बैठकर पुरानी समस्याओं पर चर्चा करने और उनका समाधान खोजने का भी अच्छा अवसर मिलेगा।

मकर आज का दिन खुशियों, उपलब्धियों और आगे बढ़ने के नए अवसरों से भरा रह सकता है। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं और आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम सामने आ सकता है। यदि आप लंबे समय से किसी अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो अपनी तैयारी मजबूत रखें। प्रेम जीवन में भी मधुरता बढ़ेगी और आपसी समझ पहले से बेहतर हो सकती है।

कुंभ आज आपको अपनी सेहत को सबसे ऊपर रखना होगा। कामकाज की व्यस्तता में खान-पान और दिनचर्या की अनदेखी करने से छोटी-मोटी परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए समय पर भोजन करें और शरीर को पर्याप्त आराम दें। कार्यक्षेत्र में आप पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ काम करेंगे, लेकिन एक साथ कई जिम्मेदारियां मिलने से मन थोड़ा बेचैन हो सकता है।

मीन आज कामकाज का दबाव कुछ अधिक रह सकता है, लेकिन आपकी मेहनत और आत्मविश्वास आपको चुनौतियों का सामना करने की ताकत देंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना हो सकती है, जिससे मनोबल बढ़ेगा और आगे बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। परिवार में मां की ओर से कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, जिसे आप पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास करेंगे।

क्या ज्ञानेश कुमार को हटा पायेगा इण्डिया गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन


निर्मल रानी



गत 1 नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में इण्डिया गठबंधन द्वारा आयोजित ऐतिहासिक 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में विपक्षी दलों की भारी एकजुटता देखने को मिली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के ख़िलाफ़ बुलाई गई इस रैली में देश के कई प्रमुख दलों के शीर्ष नेतृत्व ने हिस्सा लिया। इस रैली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सबसे प्रमुख नेताओं में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल हुए। इसके अलावा वरिष्ठ नेता के.सी. वेणुगोपाल, डी.के. शिवकुमार और अभिषेक मनु सिंघवी भी मंच पर मौजूद रहे। जबकि समाजवादी पार्टी की ओर से उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस रैली में अपनी पार्टी का नेतृत्व किया। तृणमूल कांग्रेस की तरफ़ से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी विपक्ष की इस महारैली में विशेष रूप से शामिल हुईं। तथा राष्ट्रीय जनता दल की ओर से बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और युवा नेता तेजस्वी यादव ने मंच से रैली को संबोधित किया। इसी तरह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट से सुप्रिया सुले नेशनल कॉन्फ्रेंस से जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी प्रमुख फ़ारूक़ अब्दुल्ला,आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व अन्य कई विपक्षी दलों के अनेक वरिष्ठ नेता इस विशाल रैली को संबोधित करते या सम्मिलत होते दिखाई दिए।

इस रैली में 'कॉकरोच जनता पार्टी' की भी बाहरी तौर पर एक बड़े रैली समर्थक संगठन की सक्रिय भूमिका नज़र आई। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने रैली से ठीक पहले सोशल मीडिया पर आधिकारिक घोषणा करते हुए इस रैली को अपना पूर्ण समर्थन दिया था। सीजेपी का मुख्य एजेंडा भी देश में चुनावी शुचिता और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाना रहा है। इस महारैली में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन आईसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रमुख छात्र नेता नेहा बोरा और उनके संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और आक्रामक रही। इस रैली के ज़रिए नेहा बोरा मुख्यधारा की राजनीति के बड़े विपक्षी नेताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एक बड़े युवा चेहरे के रूप में उभरी हैं। नेहा बोहरा ने तो अपने संक्षिप्त परन्तु तीखा भाषण देते हुये सीधे तौर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निष्पक्ष होने के बजाय सत्ता पक्ष का "इलेक्शन मैनेजर" क़रार दिया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि लोकतंत्र से खिलवाड़ करने वाले अधिकारियों पर न केवल महाभियोग चलना चाहिए, बल्कि उन्हें जेल भी भेजा जाना चाहिए।

परन्तु सवाल यह है कि क्या इंडिया गठबंधन का यह विशाल शक्ति प्रदर्शन सरकार पर इतना दबाव डाल सकेगा कि सरकार ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटा दे ? निश्चित रूप से इण्डिया गठबंधन के पास पूर्व केंद्रीय



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का ताज़ातरीन उदाहरण है जिन्हें गत 25 जुलाई 2026 को भारी सार्वजनिक और राजनीतिक दबाव के चलते त्यागपत्र देना पड़ा था। उस समय अभूतपूर्व जन-आक्रोश और देशव्यापी दबाव को देखते हुए ही धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक ज़िम्मेदारी लेते हुए इस्तीफ़ा दे दिया था। यह नरेंद्र मोदी सरकार के इतिहास में जनता के सीधे दबाव में किसी बड़े कैबिनेट मंत्री के इस्तीफ़े का एक विरल उदाहरण माना जाता है।

निःसंदेह धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के बाद गत 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी इण्डिया गठबंधन की ' वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली भी भारतीय राजनीति के लिहाज़ से एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। इस रैली के ज़रिए विपक्ष ने ईवीएम के साथ-साथ सीधे मतदाता सूचियों में कथित हेरफेर और लगभग 13.2 करोड़ वोटर्स के नाम हटाए जाने के मुद्दे को देश के राजनीतिक केंद्र में ला दिया है। इससे भविष्य के चुनावों विशेषकर 2027 के उत्तर प्रदेश, पंजाब और अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में चुनावी शुचिता पर बड़ी बहस छिड़ गयी है। इस रैली से ठीक पहले 31 अक्टूबर को विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध एक प्रतीकात्मक 'जनता द्वारा महाभियोग' प्रस्ताव भी पारित किया। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था के बजाय सत्ता पक्ष के इशारे पर काम कर रहा है।

तो क्या इतने सुबूतों व इतने दबाव के बाद ज्ञानेश कुमार जल्द हटाए जा सकते हैं? वास्तव में सरकार व ज्ञानेश कुमार पर अभूतपूर्व दबाव होने के बावजूद संवैधानिक प्रावधानों और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के आधार पर ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाना बेहद जटिल नज़र आता है। भारतीय संविधान के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के जज के समान ही बेहद कठिन है। इसके लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई विशेष बहुमत से महाभियोग प्रस्ताव पास होना ज़रूरी है। वर्तमान में संसद के समीकरणों को देखते हुए विपक्ष के पास अकेले इस तरह का बहुमत भी नहीं है। हाँ अगर न्यायालय इस प्रक्रिया में कोई गंभीर ख़ामी पाता है, तो ज्ञानेश कुमार के पद पर बने रहने पर नैतिक संकट खड़ा हो सकता है। परन्तु सुप्रीम कोर्ट 17 नवंबर 2026 को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग के कामकाज को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने वाला है। इस बीच 'INDIA' गठबंधन ने साफ़ किया है कि इस रैली की गूंज संसद में दिखाई देगी और वे ज्ञानेश कुमार के ख़िलाफ़ औपचारिक महाभियोग का प्रस्ताव लाएंगे। केंद्र सरकार,भारतीय जनता पार्टी और ख़ुद चुनाव आयोग ने एसआईआर की प्रक्रिया को पूरी तरह से वैध और पारदर्शी बताया है। जबकि विपक्ष का कहना है कि चुनाव आयोग के अंदर ही अन्य दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में एसआईआर से जुड़े फ़ैसलों पर 14 बार औपचारिक आपत्तियां दर्ज कराई थीं। परन्तु विपक्ष के इन आरोपों व सत्ता के बचाव की दलीलों के बीच ऐसा प्रतीत होता है कि जब तक या तो सरकार स्वयं बैकफ़ुट पर नहीं आती या फिर सुप्रीम कोर्ट की ओर से कोई सख़्त निर्णय अथवा टिप्पणी नहीं आती तब तक केवल विपक्ष के दबाव में किसी संवैधानिक प्रमुख को हटाना संभव नहीं लगता। क्योंकि ज्ञानेश कुमार के हटने के फ़ौरन बाद ही केंद्र सहित विभिन्न राज्यों के चुनाव नतीजों की वैधता पर भी सवाल उठने वाला है। इन सब के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या 1 नवंबर का इण्डिया गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन ज्ञानेश कुमार को यथा शीघ्र हटा पायेगा?

किसानों का सीधा आरोप कृषि विभाग कम दाम पर खरीदकर ऊंचे दाम पर बेच रहा भूमगादी, मुनाफा अफसरों की जेब में

दंतेवाड़ा में जैविक किसानों ने सड़क पर बारिश में कलेक्ट्रेट के सामने घंटों किया चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा,4 अक्टूबर। जुगल किशोर डंडौतिया एक तरफ दंतेवाड़ा जिले के नाम का डंका पूरे देश में बज रहा है। 100 प्रतिशत जैविक खेती के मॉडल के लिए हाल ही में जिले के कलेक्टर देवेश ध्रुव और कृषि उप संचालक सूरज पंसारी को दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। पूरे भारत में दंतेवाड़ा का नाम रोशन हुआ है।

लेकिन दूसरी तरफ इसी सम्मान की बुनियाद रखने वाला किसान आज अपने ही जिले में दुखी है, परेशान है और सड़क पर उतरकर रोने को मजबूर है। सम्मान अफसरों को मिला, पर हकीकत में खेत में नुकसान किसान झेल रहा है।इसी दोहरे चरित्र के खिलाफ मंगलवार को भारतीय किसान संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों किसान आंवराभाटा दुर्गा मंच से %अन्नदाता गर्जना रैली% निकालकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। जैसे ही किसान ज्ञापन देने पहुंचे, झमाझम बारिश शुरू हो गई। लेकिन किसान अपने छाते और गमछे ताने बारिश में ही कलेक्ट्रेट गेट के सामने सड़क पर डटे रहे और करीब एक घंटे तक सड़क जाम कर नारेबाजी करते



रहे।

किसानों का गंभीर आरोप - खरीदते हैं सस्ता, बेचते हैं महंगा

रैली में मौजूद किसानों ने कृषि विभाग और उसके अधिकारियों पर सीधा और गंभीर आरोप लगाया। किसानों का कहना है कि कृषि विभाग के अधिकारी जैविक के नाम पर वाहवाही तो लूट रहे हैं, लेकिन किसानों को लाभ की जगह हानि पहुंचा रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग किसानों से जैविक धान को बहुत कम दर पर खरीदता है और फिर उसी धान को भूमगादी ब्रांड की पैकिंग में मिलेट्स बाजार और देश के 35 शहरों - दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता के 65 बड़े स्टोर्स में कई गुना अधिक दाम पर बेच रहा है। बीच का पूरा मुनाफा किसानों को न मिलकर अफसरों और बिचौलियों की जेब में जा रहा है। कई किसानों ने तो यहां तक कहा कि जैविक खेती में उत्पादन 8-10 क्विंटल प्रति एकड़ ही होता है, जबकि रासायनिक में 12-14 क्विंटल। विभाग ने जैविक की तरफ धकेला, पर न सही बीज दिया, न जैविक खाद, न बाजार। आज स्थिति यह है कि लागत तक वसूल नहीं हो रही और किसान को अपना धान कौड़ियों के दाम पर बेचना पड़ रहा है।

16 सूत्रीय मांग पत्र में क्या है?

इसी लूट को रोकने के लिए किसान संघ ने 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है - 1. जैविक धान, सब्जियों के लिए अलग जैविक मंडी बने, 2. धान की तीन ग्रेडिंग हो - मोटा 5,500 रु, पतला 6,000 रु, सुगंधित 7,000 रु क्विंटल, 3. किसानों के नाम पर चल रहे फर्जी एनजीओ की जांच हो, 4. भूमगादी ब्रांड का संचालन एनजीओ और कृषि विभाग के हस्तक्षेप से मुक्त कर किसानों को सौंपा जाए, 5. जिले में नए उप संचालक कृषि की पदस्थापना पर रोक लगे और सूरज पंसारी के कार्यकाल की जांच हो - किसानों ने यह मांग प्रमुखता से रखी, 6. बाढ़ प्रभावित किसानों को 65 हजार रु प्रति एकड़ मुआवजा, 7. सूखा प्रभावित गांवों को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए, 8. लंबित फसल बीमा राशि का तुरंत भुगतान, 9. किसानों का संपूर्ण कृषि ऋण माफ, 10. चेकडैम व क्षतिग्रस्त बांधों का जीर्णोद्धार, 11. नक्सल प्रभावित गांवों में नलकूप खनन व बाड़ी योजना का लाभ, 12. गाय शेड, बकरी, सुअर पालन व गोबर गैस पर पूर्ण अनुदान, 13. कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन के रिक्त पदों पर भर्ती, 14. कोदो, कुटकी, रागी की 200 रु किलो जैविक मान्यता के साथ खरीदी, 15. कृषि यंत्रों का पारदर्शी वितरण, 16. जैविक किसानों को प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि।

किसानों ने चेतावनी दी है कि सम्मान के नाम पर किसानों का अपमान बंद हो। यदि 15 दिन में जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो किसान दिल्ली से मिला अवार्ड वापस करने और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

संभाग में सुबह से ही घने बादल के साथ मध्यम वर्षा जारी

जगदलपुर, 4 नवंबर। बस्तर में फिर एक बार मुरासु तूफान की वजह से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। मुरासु चक्रवात का सबसे ज्यादा असर आज मंगलवार को बस्तर संभाग में सुबह से ही घने बादल के साथ मध्यम वर्षा के रूप में देखा जा रहा है, मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को भी बस्तर संभाग के कुछ जिलों में बारिश की संभावना है। वहीं 07 नवंबर के बाद मौसम शुष्क होने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ठंड बढ़ेगी।मौसम वैज्ञानिक संजय बैरागी ने बताया कि चक्रवात मुरासु का ज्यादा असर आंध्र और तमिलनाडु में पड़ रहा है। इसके साथ ही दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में इसका असर देखने को मिल सकता है। इस दौरान स्तर संभाग के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। मंगलवार और बुधवार इन दो दिनों के दौरान बस्तर संभाग के बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जैसे जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने के साथ ही एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

हाईवा और ईको कार के बीच फंसा बाइक सवार,मौके पर मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 4 नवंबर। नगर के वार्ड क्रमांक 14 की एक गली में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। रेत से भरे हाईवा और ईको कार के बीच हुई दुर्घटना में बाइक सवार युवक वीरेंद्र वर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिल्दा-नेवरा निवासी वीरेंद्र वर्मा अपनी पैशन प्रो मोटरसाइकिल से वार्ड क्रमांक 14 की गली से गुजर रहा था। इसी दौरान रेत से भरा हाईवा क्रमांक CG04 LN 4404 गली में रेत खाली करने के लिए मुड़ रहा था। हाईवा के बाजू से बाइक सवार निकल रहा था, तभी सामने की ओर से तेज रफ्तार में आ रही ईको कार क्रमांक CG04 NC 4×10 ने कथित



रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी गंभीर थी कि बाइक सवार उछलकर हाईवा से जा चिपका। इसी दौरान हाईवा भी आगे बढ़ गया और युवक दोनों वाहनों के बीच बुरी तरह फंस गया। इस दर्दनाक हादसे में वीरेंद्र वर्मा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आसपास के रहवासी और राहगीर बड़ी संख्या में घटनास्थल पर एकत्रित हो गए।

ईको कार की टक्कर से हाईवा की ओर जा गिरा बाइक सवार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवा गली में रेत खाली करने के लिए मुड़ रहा था। इसी दौरान सामने से आई ईको कार की टक्कर से बाइक सवार हाईवा की ओर जा चिपका। हाईवा के आगे बढ़ने के कारण युवक गंभीर रूप से इसकी चपेट में आ गया। हादसे की भयावहता देखकर मौके पर मौजूद लोग भी स्तब्ध रह गए।

तिल्दा-नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची, जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही तिल्दा-नेवरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान वीरेंद्र वर्मा निवासी तिल्दा-नेवरा के रूप में हुई है। पुलिस हाईवा क्रमांक CG04 LN 4404 और ईको कार क्रमांक CG04 NC 4×10 सहित दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।वार्ड क्रमांक 14 की गली में हुए इस दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। युवक की असमय मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

सशक्त नारी, युवा उड़ान के संकल्प के साथ मिली जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात

जगदलपुर, 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के उपलक्ष्य में सशक्त नारी, युवा उड़ान की प्रेरणादायी थीम के तहत संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक, उपकरण और जरूरी सामग्रियां प्रदान कर लाभान्वित किया। इस मौके पर उन्होंने तीन हितग्राहियों को उनके अपने आशियाने की खुशियों की चाबी सौंपी और बारह पशु सखियों को विभागीय किट प्रदान कर उनके कार्यों को गति दी। कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में ग्राम तेलीमारेंगा के फार्म मशीनरी बैंक के हितग्राही महादेव मौर्य को 14 लाख रुपये का चेक मंच से प्रदान किया गया। समारोह में विभिन्न विभागों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को संबल प्रदान करने का प्रयास प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती लक्ष्मी बघेल व श्रीमती मीना यादव, तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की लाभार्थी श्रीमती सुप्रिया कुमरेकर व श्रीमती मारथा दास को योजनाओं का लाभ सौंपा गया।

समाचार संक्षेप

विकसित भारत युवा संसद में युवाओं ने 'एक देश, एक चुनाव' पर रखे विचार



दंतेवाड़ा,4 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जुगल किशोर डंडौतिया युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संवैधानिक मूल्यों एवं नीति निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्त निकाय माय भारत के तत्वावधान में पीजी कन्या महाविद्यालय, दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युवाओं ने एक देश, एक चुनाव विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए तार्किक क्षमता, वैचारिक स्पष्टता और नेतृत्व कौशल का परिचय दिया।

कार्क्रम में विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। विकसित भारत युवा संसद युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय नीतियों को समझने का बेहतर मंच प्रदान करती है। एक देश, एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषय पर युवाओं का विचार-विमर्श करना सराहनीय पहल है।उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी तार्किक क्षमता, नेतृत्व कौशल एवं रचनात्मक सोच के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के विचारों, तर्कों एवं प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन किया। इसमें कृषा ने प्रथम, नंदनी दीक्षित ने द्वितीय तथा प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेता प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय युवा संसद में दंतेवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिल सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है।

संयुक्त ड्राइवर संघ ने 12 नवंबर से स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन का दिया अल्टीमेटम

जगदलपुर, 4 नवंबर। संयुक्त ड्राइवर संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान करने की चेतावनी के बाद 12 नवंबर से परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। संयुक्त ड्राइवर संघ ने बस्तर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया है कि यदि तय समय तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 12 नवंबर से प्रदेश भर में ड्राइवरों का स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन शुरू किया जाएगा। ड्राइवर संघ की प्रमुख मांगों में ड्राइवरों के लिए अलग आयोग का गठन किया जाए, चालकों के हितों की सुरक्षा के लिए वेलफेयर व्यवस्था बनाई जाए, ड्राइवर दिवस घोषित किया जाए एवं चालकों के साथ मारपीट और झूठे आरोपों की घटनाओं पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था हो। ड्राइवरों की मांगों को लेकर प्रदेश स्तर पर लामबंदी शुरू हो गई है। संयुक्त ड्राइवर संघ के अनुसार रायपुर में आयोजित बैठक में प्रदेश के 33 जिलों के संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए थे। इसी बैठक में मांगों को लेकर एकजुट होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया।संगठन का कहना है कि इससे पहले भी ड्राइवर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर चुके हैं। उस समय प्रशासन की ओर से समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया गया था, लेकिन लंबे समय बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं। इसी नाराजगी के चलते अब दोबारा आंदोलन की तैयारी की जा रही है। ड्राइवरों के इस प्रस्तावित आंदोलन से मालवाहक वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने पर राशन की आपूर्ति, सब्जियों की मंडियों तक पहुंच, पेट्रोल-डीजल का परिवहन और खनिजों की ढुलाई पर असर पड़ सकता है। वहीं यात्री बसों का संचालन प्रभावित होने पर लोगों को आवागमन में परेशानी हो सकती है।संघ ने चालकों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। संगठन का आरोप है कि वाहन चलाने के दौरान ड्राइवरों को कई बार मारपीट, झूठे आरोप और असुरक्षा जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं से निपटने के लिए कोई मजबूत व्यवस्था नहीं होने से चालकों में नाराजगी है।

राज्य निर्माण के प्रणेता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का योगदान अविस्मरणीयः किरण देव

जगदलपुर, 4 नवंबर । छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 26 वें गौरवशाली वर्ष के अवसर पर जगदलपुर का ऐतिहासिक सिटी ग्राउंड अपार जन-उत्साह और गरिमा का साक्षी बना। सशक्त नारी, युवा उड़ान की केंद्रीय थीम पर आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव 2026 में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों ने मिलकर बस्तर को संघर्ष के दौर से बाहर निकालकर स्थायी समृद्धि की ओर ले जाने का दृढ़ संकल्प दोहराया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण देव ने राज्य निर्माण के प्रणेता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का स्मरण करते हुए कहा कि श्री बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ वासियों के सरल स्वभाव और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए बिना किसी बड़े संघर्ष के इस राज्य की सौगात दी थी।विधायक श्री देव ने प्रदेश के विकास को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने अपने वादे के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की पुख्ता व्यवस्था की है, वहीं 'महतारी वंदन योजना' के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों के बैंक खातों में हर माह 1000 रुपए भेजकर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए जगदलपुर में 24 घंटे संचालित होने वाली नालंदा परिसर जैसी आधुनिक अध्ययन सुविधाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में युवाओं के लिए सहायक साबित होगी।

बस्तर फाइटर भर्ती में कम पदों की संख्या से असंतुष्ट सैकड़ों युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

जगदलपुर, 4 नवंबर । बस्तर फाइटर भर्ती में बस्तर जिले के लिए मात्र 79 पद निर्धारित किए जाने को लेकर युवाओं में नाराजगी देखने को मिल रही है। भर्ती में पदों की कम संख्या से असंतुष्ट सैकड़ों युवाओं ने आज मंगलवार को जगदलपुर स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शासन के नाम ज्ञापन सौंपा और जिले में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे युवाओं का कहना है कि बस्तर जिले में हजारों की संख्या में बेरोजगार युवा भर्ती की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में जिले के लिए केवल 79 पद निर्धारित किए जाने से बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को अवसर से वंचित होना पड़ सकता है। युवाओं ने कहा कि दूसरे जिलों में अपेक्षाकृत अधिक पद निर्धारित किए गए हैं, जबकि बस्तर जिले में भी बेरोजगार युवाओं की संख्या काफी अधिक है। अभ्यर्थियों ने शासन से मांग की है कि बस्तर जिले की बेरोजगारी और युवाओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए बस्तर फाइटर भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि अधिक से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके।

ग्राम सभा में अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित, सरपंच ने कहा-नोटिस जारी कर हटवाया जाएगा कब्जा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा, 4 नवंबर। ग्राम पंचायत बिलाड़ी में श्मशान घाट के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर दो व्यक्तियों द्वारा कथित कब्जा कर मकान निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। श्मशान घाट जैसी सार्वजनिक उपयोग की महत्वपूर्ण भूमि पर मकान निर्माण होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा की बैठक में अतिक्रमण हटाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बिलाड़ी में श्मशान घाट के लिए निर्धारित शासकीय भूमि पर दो व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट की जमीन पूरे गांव के सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित होती है। ऐसी भूमि पर निजी निर्माण होना कई सवाल खड़े करता है। यदि सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर इसी तरह कब्जे होते रहे तो भविष्य में गांव के लोगों को श्मशान घाट के उपयोग में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है

मकान निर्माण के पीछे किसी अन्य व्यक्ति का हाथ होने की चर्चा

इस मामले में एक और चौंकाने वाली जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। बताया जा रहा है कि जिन व्यक्तियों के नाम पर कथित कब्जा है, उनकी आर्थिक स्थिति इतनी सक्षम नहीं बताई जा रही है कि वे स्वयं इतना बड़ा निर्माण कार्य करा सकें। ऐसे में स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि इस निर्माण के पीछे किसी अन्य प्रभावशाली व्यक्ति का भी हाथ हो सकता है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई



आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच किए जाने पर ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सवाल यह भी है कि यदि निर्माण के पीछे किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका है तो उसकी पहचान कर जिम्मेदारी तय की जाएगी या नहीं?

ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित, सरपंच और उपसरपंच ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

मामले को लेकर ग्राम पंचायत ने ग्राम सभा में श्मशान घाट की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रस्ताव पारित किया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत की सरपंच दुलोरीन बाई ध्रुव एवं उपसरपंच घनश्याम जांगड़े का कहना है कि संबंधित कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर तत्काल अवैध कब्जा हटवाने की कार्रवाई की जाएगी।

पंचायत पदाधिकारियों के इस आश्वासन के बाद अब देखना होगा कि नोटिस जारी होने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कितनी जल्द पूरी होती है। श्मशान घाट की भूमि पर मकान निर्माण का मामला केवल अतिक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गांव की सार्वजनिक संपत्ति और सामुदायिक अधिकारों से जुड़ा विषय है। ग्राम सभा द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद अब राजस्व विभाग की जिम्मेदारी है कि संबंधित भूमि का सीमांकन एवं राजस्व अभिलेखों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करे और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करे।

तहसीलदार ने लिया संज्ञान, तत्काल कार्रवाई का आश्वासन

इस संबंध में तिल्दा तहसीलदार राम प्रसाद बघेल का कहना है कि मामले पर तत्काल संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी तथा श्मशान घाट की शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को तत्काल हटवाया जाएगा। तहसीलदार के इस आश्वासन के बाद अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही श्मशान घाट की भूमि अतिक्रमण मुक्त होगी। साथ ही निर्माण के पीछे किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका होने की चर्चाओं की भी जांच होगी, ताकि सार्वजनिक उपयोग की जमीन को सुरक्षित रखा जा सके।

एनएमडीसी ने बैलाडीला क्षेत्र की 17 ग्राम पंचायतों में 47 करोड़ रुपये की सीएसआर आधारभूत संरचना परियोजनाएं आरंभ की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा,4 अक्टूबर। एनएमडीसी लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ जिला दंतेवाड़ा के बैलाडीला क्षेत्र की 17 ग्राम पंचायतों को कवर करते हुए अपने नैगम सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत लगभग 47 करोड़ रुपये की सिविल और विद्युत आधारभूत संरचना परियोजनाएं आरंभ की हैं।वर्तमान में ये कार्य कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से कुछ कार्य पूर्व में ही पूर्ण किए गए हैं और इन का उपयोग भी स्थानीय निवासियों द्वारा किया जा रहा है।इस पहल का उद्देश्य एनएमडीसी के खनन क्षेत्रों के आस-पास के समुदायों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर



बनाना है, मुख्य रूप से ग्रामीण सड़क पहुंच, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, आदिवासी सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों के संरक्षण और सार्वजनिक सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित कर निवेश किया जा रहा है।सीएसआर कार्यों में ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने के लिए सीमेंट कंक्रीट (सीसी) सड़कों का निर्माण तथा आदिवासी देवताओं को समर्पित पारंपरिक पूजा स्थलों %देव गुडिस %की चारदीवारी का निर्माण शामिल है।इस चारदीवारी का उद्देश्य इन महत्वपूर्ण सामुदायिक स्थलों को संरक्षित रखना है ।एनएमडीसी पेय जल की सुलभता के लिए जल भंडारण टैंकों सहित सौर ऊर्जा से चलने वाले ड्युल-पंप सिस्टम स्थापित कर रहा है।विद्युत कार्यों में सार्वजनिक स्थानों और गांवों की सड़कों पर रोशनी की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हाई-मास्ट लाइट और स्ट्रीट लाइट लगाना शामिल है।श्री कृष्ण कुमार ठाकुर, निदेशक (कार्मिक) एनएमडीसी ने कहा, कि ÷एनएमडीसी अपने खनन कार्यों के आसपास के आदिवासी समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य आधारभूत संरचना की कमियों को दूर करना, सड़क संपर्क में सुधार करना, पेय जल सुलभ कराना तथा गांवों में बेहतर रोशनी प्रदान करना है, ताकि लोग अपने दैनिक जीवन में विकास का अनुभव कर सकें। इस पहल के तहत सम्मिलित कुल 17 ग्राम पंचायतें यथा बड़े कामेली, बासनपुर, भांसी, गामावाड़ा, दुगेली, गंजीनेर, झिरका, मसेनार, मोलासनार, बड़े बचेली, कमलूर, पोरो कमेली, चोलनार, नेरली, धुरली, हिरोली और समलवार सम्मिलित हैं ।एनएमडीसी इन सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से, ग्रामीण विकास और स्थानीय आदिवासी परंपराओं व सामुदायिक संस्थानों के संरक्षण में योगदान देने के साथ-साथ अपने बचेली प्रचालनों के आसपास के गांवों में आवश्यक आधारभूत सुविधाए प्रदान करना चाहता है ।

आसुलखार धान खरीदी केंद्र में 1.44 करोड़ की गड़बड़ी के आरोपित दो प्रभारी गिरफ्तार

कांकेर, 4 नवंबर । जिले के अंतागढ़ क्षेत्र की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति आसुलखार के धान खरीदी केंद्र में संयुक्त जांच दल ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 का भौतिक सत्यापन के दौरान 4,651.20 क्विंटल धान की अनियमितता पाई गई है। इस अनियमितता की अनुमानित कीमत 01 करोड़ 44 लाख 18 हजार 720 रुपये आंकी गई है। मामले में धान खरीदी केंद्र प्रभारी टिकेश्वर पोटाई और बारदाना प्रभारी भोज कुमार जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

सांसद महेश कश्यप ने किया राज्योत्सव का शुभारंभ, पद्मश्री बुधरी ताती सहित उत्कृष्ट कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 4 नवंबर । छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ पर मेंडका डोबरा मैदान में सशक्त नारी, युवा उड़ान थीम पर जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने मां दंतेश्वरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर पद्मश्री बुधरी ताती को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य



का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।उन्होंने कहा कि बस्तर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हुआ है। पहले दूरस्थ गांवों तक पहुंचना कठिन था, आज सड़क, पुल-पुलिया, विद्यालय, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सुविधाओं से विकास के नए रास्ते खुले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में सरकार गरीब, किसानों और वनांचल के लोगों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में 18 लाख आवास स्वीकृति और तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा भुगतान का उल्लेख किया।बस्तर की सांस्कृतिक पहचान पूरे प्रदेश का गौरव- विधायक अटामीविधायक चैतराम अटामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध लोक संस्कृति, लोकगीत, तीज-त्योहार और परंपराओं से है। बस्तर और दंतेवाड़ा की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान पूरे प्रदेश का गौरव है।जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि अलग राज्य बनने से छत्तीसगढ़ को विशिष्ट पहचान मिली। कभी नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले दंतेवाड़ा में अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य का विस्तार हो रहा है। जिले के युवा डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी बन रहे हैं।स्कूली बच्चों ने गीत-संगीत और नृत्य से लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।विभागीय प्रदर्शनी में शिक्षा विभाग प्रथम, आयुष विभाग द्वितीय तथा महिला एवं बाल विकास विभाग तृतीय रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कन्या शिक्षा परिसर पातरास प्रथम, पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास द्वितीय तथा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल तृतीय रहा।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, वनमंडलाधिकारी रामकृष्ण रंगानाथ वाय, अपर कलेक्टर भरतराम ध्रुव, एसडीएम राजीव कुजूर, मनीष बघेल एवं राम सिंह शोरी, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, अमित भारद्वाज एवं चंचल पैकरा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एक नजर

डाक अदालत का आयोजन 6 नवंबर को

रायगढ़, 4 नवम्बर । भारतीय डाक विभाग द्वारा उपभोक्ताओं एवं डाक कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 6 नवंबर 2026 को डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 11 बजे अधीक्षक डाकघर कार्यालय, कोतरा रोड, कॉमर्स कॉलेज के पास, रायगढ़ में होगा।

डाकघर के अधीक्षक ने बताया कि डाक अदालत में उपभोक्ताओं एवं डाक कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा चर्चा कर उनके निराकरण का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान सामान्य डाक अदालत के साथ विभागीय कर्मचारी अदालत, ग्रामीण डाक सेवक अदालत एवं पेंशन अदालत का भी आयोजन होगा। इच्छुक उपभोक्ता, ग्रामीण डाक सेवक, डाक कर्मचारी एवं पेंशनभोगी अपनी शिकायतों एवं समस्याओं का पूरा विवरण, जिसमें नाम, पता एवं मोबाइल नंबर शामिल हो, अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग, कोतरा रोड, कॉमर्स कॉलेज के पास, रायगढ़ के पते पर 6 नवंबर 2026 अथवा उससे पहले भेज सकते हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए दावा-आपत्ति 13 नवंबर तक

रायगढ़, 4 नवम्बर। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायत कांटाहरदी के आंगनबाड़ी केंद्र खाल्हेपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त एक पद पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन कर अनंतिम मूल्यांकन सूची जारी कर दी गई है। जिसे विभागीय ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया गया है। साथ ही इसे परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है। जारी सूची के संबंध में यदि किसी आवेदिका को लिपिकीय त्रुटि या मूल्यांकन से संबंधित कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करनी है, तो वह 13 नवंबर तक विभागीय ऑनलाइन पोर्टल aww.e.bharti.in पर लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

धान खरीदी में पारदर्शिता और निगरानी के पुख्ता इंतजाम करें अधिकारी कलेक्टर

कांकेर, 4 नवंबर । खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने आज जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक, सहकारिता विभाग, जिला विपणन अधिकारी, मंडी सचिव तथा नागरिक आपूर्ति निगम और कृषि विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर सभी धान खरीदी केंद्रों में नोडल अधिकारी, केंद्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति सुनिश्चित करने तथा एक ही स्थान पर लंबे समय से पदस्थ खाद्य निरीक्षकों एवं सहकारिता निरीक्षकों का आवश्यकतानुसार स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। सहकारिता निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए भी कहा गया।कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने कहा कि धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को धान खरीदी केंद्रों में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को धान खरीदी कार्य को गंभीरता से लेते हुए सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में धान के फुटकर एवं थोक व्यापारियों की बैठक लेकर शासन के नियमों की जानकारी देने तथा मिलर्स के स्टॉक की जांच करने के लिए कहा गया। इसके अलावा संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों में लंबे समय से कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को अन्य केंद्रों में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गए।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

जगदलपुर, 4 नवम्बर । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, माड़पाल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को बच्चों के अधिकारों, संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (च्च्ब्ब्व् ।बज) के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बच्चों को लैंगिक अपराधों की पहचान, सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा ऐसी किसी घटना की स्थिति में शिकायत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त साइबर सुरक्षा, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।

'एक दीप साक्षरता का' अभियान के जरिए लोगों को शिक्षा के प्रति किया जाएगा जागरूक

दीपावली की पूर्व संध्या पर रायगढ़ जिले में जलेगा 'साक्षरता का दीप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 4 नवम्बर । छत्तीसगढ़ को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए रायगढ़ जिले में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत दीपावली की पूर्व संध्या पर 'एक दीप साक्षरता का' विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से जिले के गांवों और शहरी क्षेत्रों में दीपावली के दीपों के साथ साक्षरता का दीप जलाकर शिक्षा के महत्व का संदेश दिया जाएगा। दीपावली से ठीक एक दिन पहले शाम 6.30 बजे से 7.30 बजे तक जिले के शासकीय विद्यालयों, छात्रावासों, विकासखंड कार्यालयों एवं उल्लास साक्षरता केंद्रों में दीप प्रज्ज्वलन कर साक्षरता की शपथ ली जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने अभियान के सफल आयोजन के लिए जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

अभियान के तहत विकासखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के माध्यम से गणमान्य नागरिकों से अपील जारी की जाएगी। इसके माध्यम से आम नागरिकों से दीपावली के अवसर पर एक दीप साक्षरता के नाम जलाने तथा अपने आसपास के निरक्षर वयस्कों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करने का आह्वान किया जाएगा। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा बीआरसी, एबीओ, संकुल समन्वयकों, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों तथा ग्राम एवं वार्ड प्रभारियों के साथ यू-ट्यूब के माध्यम से वेबिनार आयोजित किए जाएंगे। अभियान को गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंचाने में शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। संकुल समन्वयकों, ग्राम प्रभारियों एवं वार्ड प्रभारियों के माध्यम से उल्लास एप पर पंजीकृत स्वयंसेवी शिक्षकों और असाक्षर व्यक्तियों को अभियान से जोड़ा जाएगा। स्वयंसेवी शिक्षक लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करेंगे तथा निरक्षर वयस्कों को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित करेंगे।

इसके साथ ही जिले में आयोजित दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर #ULLAS Dipawali #Sakshar Chhattisgarh हैशटैग के साथ साझा किए जाएंगे। समाचार पत्रों के माध्यम से भी अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करने तथा गतिविधियों की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल के माध्यम से रायगढ़ जिले में दीपावली के पर्व को शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से जोड़ते हुए प्रत्येक नागरिक को साक्षरता के इस अभियान में सहभागी बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

अपराधों में नाबालिगों की बढ़ती संलिप्तता एक डरावना सच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



रायगढ़, 4 नवम्बर । रायगढ़ की माटी पर हाल ही में घटी एक वीभत्स घटना ने पूरे सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। महज़ सात सौ रुपए और एक प्लेट बिरयानी की खातिर चार नाबालिगों द्वारा एक युवक की निर्मम हत्या करने ज का सनसनीखेज मामला कोई मामूली अपराध या अकस्मात घटा हादसा नहीं है। यह गहरे सामाजिक और कानूनी पतन का जीवंत दस्तावेज है, जिसके प्रति यदि अब भी आँखें नहीं खोली तो आने वाला कल हमारी पीढ़ियों के लिए एक अभिशाप बन जाएगा।

पिछले कुछ समय के आंकड़ों और वारदातों पर सरसरी निगाह डालें, तो रायगढ़ से लेकर देश के कोने-कोने तक बलात्कार, अपहरण, लूट, मारपीट, चाकूबाजी और गुंडागर्दी जैसे संगीन अपराधों में नाबालिगों की बढ़ती संलिप्तता एक डरावना सच बनकर उभर रही है। लगभग हर बड़े अपराध के पीछे किसी न किसी अवयस्क का हाथ पाया जाना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि बाल उम्र में अपराध का यह क्रेज अब एक महामारी का रूप धारण कर चुका है। दिल्ली के बहुचर्चित दामिनी कांड के उपरांत बाल अधिकारों की रक्षा और उनके सुधार के उद्देश्य से जुवेनाइल जस्टिस एक्ट जैसी कानूनी विमर्शों और प्रावधानों को गढ़ा गया था। परंतु, आज की जमीनी हकीकत यह चीख-चीख कर कह रही है कि वह कानून इन शातिर होती प्रवृत्तियों के सामने पूरी तरह अपर्याप्त और बेअसर साबित हो रहा है।विडंबना यह है कि आज न तो विधि-विवादित बालकों के भीतर सुधार के कोई संकेत दिखाई दे रहे हैं और न ही उनके मन में कानून, खाकी की धमक या न्याय व्यवस्था का कोई भय शेष बचा है। वे यह भली-भांति जानते हैं कि कानून की किताबों में उनकी उम्र उनके लिए एक सबसे बड़ा रक्षा कवच है, जिसका फायदा उठाकर वे बेखौफ होकर जघन्य कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। मासूमियत की चादर ओढ़े इन हाथों में तमंचे, चाकू और खौफनाक साजिशें यह बताने के लिए काफी हैं कि हमारा बाल सुधार गृह अब अपराधियों की नर्सरी बनता जा रहा है।इस भयावह संकट की जड़ें केवल कानून की लचर व्यवस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक बुनावट और पारिवारिक उदासीनता में भी गहराई तक धंसी हुई हैं। अपराधों में संलिप्त अधिकांश बच्चे शहरी स्लम क्षेत्रों और निचली बस्तियों की वीरान गलियों से ताल्लुक रखते हैं। ये वे बदनसीब बच्चे हैं, जो या तो स्कूल की दहलीज कभी लांघ ही नहीं पाए या फिर किशोरावस्था की दहलीज पर पहुँचते ही कुसंगति के दलदल में धंस गए। इनके माता-पिता दो वक्त की रोटी की जद्दोजहद में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें अपनी संतानों के भटकते कदमों की सुध तक नहीं रहती। आजीविका का अभाव और पारिवारिक नियंत्रण का शून्य होना इन मासूमों को सहज ही अपराध की अंधी और अमानवीय दुनिया की ओर धकेल देता है।यदि समय रहते इस नासूर पर कड़े प्रहार नहीं किए गए, तो आने वाले वक्त में जुर्म करने वाले इन मासूमों की एक ऐसी खौफनाक फौज खड़ी हो जाएगी,जिस से निपटना पुलिस प्रशासन तो क्या पूरी न्याय व्यवस्था के बूते से बाहर हो जाएगा। यह केवल एक जिले या प्रदेश की समस्या नहीं है, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के भविष्य पर मंडराता हुआ एक बड़ा गंभीर संकट है।अब वक्त आ गया है कि सरकार, न्यायपालिका और कानून निर्माता आत्ममंथन करें। सबसे पहले, जघन्य और गंभीर अपराधों (जैसे हत्या, बलात्कार, डकैती) में लिप्त नाबालिगों के संबंध में मौजूदा तय कानून एवं प्रावधानों और उम्र की सीमाओं की नए सिरे से समीक्षा की जानी चाहिए। अपराध का स्वरूप और उसकी क्रूरता के आधार पर यह तय होना चाहिए कि आरोपी पर शिकंजा कैसे कसा जाए, न कि केवल उसकी जन्मतिथि। इसके साथ ही, स्लम और पिछड़ी बस्तियों में समाज सुधार के व्यापक अभियान चलाए जाएं, शिक्षा की अलख जगाई जाए और काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों को अच्छे और बुरे का अंतर का फर्क समझाया जाए।आज हम इस विकट समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस और निर्णायक कदम नहीं उठाएंगे, तो कल इतिहास हमें माफ नहीं करेगा। हुक्मरानों और कानूनी एजेंसियों को अपनी गहरी नींद से जागना होगा, अन्यथा यह चिंगारी एक दिन पूरे समाज को भस्म कर देगी।

समाचार संक्षेप

राज्योत्सव में शोभा को मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, आत्मनिर्भरता की राह होगी आसान



रायगढ़, 4 नवम्बर ((तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अब शोभा कुमारी के लिए घर से बाहर निकलना और अपने जरूरी कामों के लिए आना-जाना पहले की तरह मुश्किल नहीं होगा। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से उनकी राह आसान होने जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित संत पूज्य श्री प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से ग्राम त्रिभौना की शोभा कुमारी को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई।

शोभा ने बताया कि इससे पहले उन्हें सामान्य ट्राइसाइकिल मिली थी, लेकिन उससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक आने-जाने में काफी कठिनाई होती थी। कई बार दैनिक जरूरतों और जरूरी कामों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से आवागमन में आसानी होगी और वे पहले की तुलना में अधिक स्वतंत्र होकर अपने काम कर सकेंगी। इससे उन्हें घर से बाहर निकलने, जरूरी कार्यों को पूरा करने और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने में भी मदद मिलेगी। सशक्त नारी, युवा उड़ान की थीम पर आयोजित राज्योत्सव में मिली इस सुविधा से शोभा के चेहरे पर खुशी नजर आई। उन्होंने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उनके लिए बड़ी मदद है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

मधुबनपारा में आबकारी विभाग ने 14 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की



रायगढ़, 4 नवम्बर ((तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिले में अवैध शराब के विक्रय एवं निर्माण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 3 नवंबर को आबकारी विभाग की टीम ने रायगढ़ शहर के मधुबनपारा, टिकरापारा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए फूलमती उरांव के कब्जे से 14 लीटर महुआ शराब जब्त की। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक हरीश कुमार पटेल सहित आबकारी आरक्षक प्रभुवन बघेल, प्रवीण जांगड़े एवं महिला आरक्षक उर्मिला देवांगन औऱ समिता चक्रेश शामिल रहे। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा की बिक्री पर रोक लगाने के लिए होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी ने सभी वृत्त प्रभारियों को नियमित जांच करने तथा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र



रायगढ़, 4 नवम्बर । छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई विकास योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को आकर्षक एवं सहज तरीके से प्रदर्शित किया गया। राज्योत्सव में पहुंचे युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासन की योजनाओं और प्रदेश में हुए विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं जनहितकारी कार्यक्रमों को चित्रों और जानकारी पूर्ण सामग्री के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। लोगों ने प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश में विकास की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और शासन की विभिन्न उपलब्धियों को जाना।

झटके में गायब हुए 1.90 लाख, एपीके एप बना महिला के जी का जंजाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 4 नवम्बर। डिजिटल दुनिया का यह वाकया होश उड़ा देने वाला है, जहां एक क्लिक ने बैंक खाते को चंद मिनटों में खाली कर दिया। सोशल मीडिया पर आई एक फर्जी एपीके (APK) फाइल को टच करने से छत्तीसगढ़ के सरसींवा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को 1 लाख 90 हजार की भारी चपत लग गई। साइबर ठगों ने बड़े ही शातिराना अंदाज में मोबाइल को रिमोट एक्सेस पर लेकर दो दिनों में पूरी रकम साफ कर दी। इसके पहले इसी प्रकार रायगढ़ के आज व्यापारी के साथ भी ऐसा हो चुका है उसने भी बिना सोचे समझे मोबाइल पर आए क्क एप को टच किया था उसके बाद उसके खाते से 2.50 लाख रूपये उड़ गए जिसकी शिकायत उसने तुरंत साइबर क्राईम में की तो महज 27 हजार रुपए को होल्ड किया जा सका बाकी के 2.23 लाख ठगो ने डकार लिए थे ।इस बार का मामला सारंगढ़ के ग्राम गाताडीह का है। यहाँ रहने वाली 36 वर्षीय उमा बाई जायसवाल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 13 अक्टूबर को एक संदिग्ध मैसेज आया। जिसमें %पीएम किसान ऐप जैसी दिखने वाली एक क्क फाइल भेजी गई थी जिसे तकनीकी जानकारी न होने के कारण महिला ने अनजाने में उस फाइल को टच कर दिया। फाइल पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल फोन साइबर ठगों के नियंत्रण में चला गया और उनका फोन पूरी तरह हैक हो गया।मोबाइल के हैक होते ही ठगों ने पीड़िता के बैंक खाते से ऑनलाइन सेंधमारी शुरू कर दी। ठगों ने फोन-पे के जरिये पहले 13 अक्टूबर को 95 हजार और उस के अगले दिन 14 अक्टूबर को फिर से 95 हजार की रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर ली। दो दिनों में कुल 1,लाख 90 हजार रुपए बैंक खाते से पार हो गए।इस घटना की भनक पीड़िता और उनके पति को 16 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे लगी, जब उन्होंने बैंक खाते की जांच की। खाते से बड़ी रकम गायब देख उनके होश उड़ गए और घर में हड़कंप मच गया। बिना देर किए पति ने समझदारी दिखाते हुए उसी दिन शाम 7ः40 बजे राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन कर पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। हेल्पलाइन से उन्हें तत्काल यूजर आईडी और एक्नॉलेजमेंट नंबर प्रदान किया गया।

सोलर पैनल से बिजली बिल में आई कमी हितग्राहियों को मिल रही आर्थिक राहत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 4 नवम्बर । छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर संत पूज्य श्री प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय समारोह में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि घरों में सोलर पैनल लगवाने से बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है और परिवारों को आर्थिक राहत मिल रही है। रायगढ़ निवासी सोनिया तामस्कर ने बताया कि पहले उनके घर का बिजली बिल लगभग 6 हजार रुपये तक आता था। सोलर पैनल लगवाने के बाद अब बिजली बिल में कमी आई है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार, दोनों की ओर से मिलने वाली सब्सिडी की राशि भी उन्हें लगभग 15 दिनों के भीतर प्राप्त हो गई।

इसी तरह चक्रधर नगर निवासी पुष्पा महंत ने बताया कि उन्होंने अपने घर में 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया है, जिससे बिजली बिल में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है। अब वे एक और 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाने की योजना बना रही हैं। उन्होंने बताया कि मोबाइल के माध्यम से सोलर पैनल से बनने वाली बिजली और घर में होने वाली खपत की जानकारी भी आसानी से मिल जाती है। दोनों हितग्राहियों ने योजना को बिजली खर्च कम करने में उपयोगी बताते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीएम हेल्पलाइन से मिली राहत, खराब सोलर पंपों की हुई मरम्मत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



रायगढ़, 4 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संचालित सीएम हेल्पलाइन 1076 प्रभावी माध्यम बन रही है। इसके जरिए रायगढ़ जिले के ग्राम बांसाझार में तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े दो सोलर पंपों की मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू कराया गया। इससे संबंधित हितग्राहियों को कृषि कार्यों के लिए सिंचाई की सुविधा फिर से मिलने लगी है। ग्राम बांसाझार निवासी श्री परमानंद पटेल ने सीएम हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके तथा श्रीमती सद्भामा के यहां स्थापित सोलर पंप तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं। शिकायत प्राप्त होने पर क्रेडा के जिला एवं जोनल कार्यालय रायगढ़ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की।

क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी श्री विक्रम वर्मा ने बताया कि संबंधित स्थापना एजेंसी से समन्वय कर तकनीकी दल को मौके पर भेजा गया। टीम ने दोनों सोलर पंपों की जांच कर तकनीकी खराबी दूर कर उसे पुनः कार्यशील किया। वर्तमान में दोनों सोलर पंप सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सुविधा मिल रही है। समस्या का समाधान होने पर दोनों हितग्राहियों ने संतुष्टि व्यक्त करते हुए त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। उल्लेखनीय है कि जिले में कलेक्टर के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का संबंधित विभागों द्वारा त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इससे आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ माध्यम मिल रहा है।

आधुनिक कृषि यंत्रों से खेती को मिली नई रफ्तार, फार्म मशीनरी बैंक बना अतिरिक्त आय का माध्यम

■ कृषक बोधन कोरेटी को प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख रुपये अतिरिक्त आय की उम्मीद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर, 4 नवंबर । खेती को आधुनिक एवं लाभकारी बनाने के लिए कृषि में उन्नत तकनीक और कृषि यंत्रों का उपयोग आज समय की आवश्यकता बन गया है। विशेषकर लघु एवं सीमांत किसानों के लिए महंगे कृषि यंत्र खरीदना आसान नहीं होता। ऐसे में कृषि अभियांत्रिकी विभाग की फार्म मशीनरी बैंक योजना किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आई है। इस योजना का लाभ लेकर कांकेर विकासखंड के ग्राम किरगापाटी निवासी कृषक श्री बोधन कोरेटी ने न केवल अपनी कृषि गतिविधियों को आधुनिक स्वरूप दिया है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी कृषि यंत्रीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की है। राज्योत्सव-2026 के अवसर पर मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के कर कमलों



श्री बोधन कोरेटी को टैउक्टर एवं अनुदान राशि का चेक प्रदाय किया गया। कृषक श्री बोधन कोरेटी ने बताया कि उनके पास कुल 05 एकड़ 35 डिसमिल कृषि भूमि है तथा उनके परिवार में 6 सदस्य हैं। पहले कृषि कार्यों के लिए आवश्यक मशीनरी उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें खेत की तैयारी, बुवाई एवं अन्य कृषि कार्यों के लिए दूसरे किसानों अथवा किराये के कृषि यंत्रों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे समय और श्रम अधिक लगता था तथा खेती की लागत भी बढ़ जाती थी। कृषि कार्यों को आसान बनाने और आय के नए अवसर विकसित करने के उद्देश्य से श्री कोरेटी ने कृषि अभियांत्रिकी विभाग की फार्म मशीनरी बैंक योजना का लाभ लेने का निर्णय लिया। उन्होंने 15 लाख रुपये की कुल परियोजना लागत से फार्म मशीनरी बैंक स्थापित किया। इसके लिए 12 लाख रुपये का बैंक ऋण प्राप्त किया गया तथा योजना के नियमानुसार ऋण उपरांत 06 लाख रुपये का विभागीय अनुदान प्राप्त होने का प्रावधान है। कोरेटी के फार्म मशीनरी बैंक में खेती के विभिन्न कार्यों के लिए आधुनिक एवं उन्नत कृषि यंत्र उपलब्ध हैं। इनमें खेत की तैयारी के लिए ट्रैक्टर एवं रोटावेटर, धान की सीधी बुवाई के लिए डीएसआर सीड ड्रिल, फसल प्रबंधन के लिए स्प्रेयर तथा कटाई एवं गहाई के लिए रीपर और थ्रेशर सहित अन्य कृषि यंत्र शामिल हैं। इन आधुनिक कृषि यंत्रों को किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार किराये पर प्राप्त कर सकेंगे। इससे खेत की तैयारी से लेकर बुवाई, फसल प्रबंधन, कटाई एवं गहाई तक के कार्य समय पर पूरे करने में सुविधा मिलेगी। साथ ही किसानों को महंगे कृषि यंत्र खरीदने के लिए बड़ी राशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी और श्रम एवं कृषि लागत में भी कमी आएगी। फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना श्री बोधन कोरेटी के लिए खेती के साथ अतिरिक्त आय का नया माध्यम बन गई है। कृषि यंत्रों को किराये पर उपलब्ध कराने से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 03 लाख रुपये अतिरिक्त आय होने की उम्मीद है। इससे उनकी पारिवारिक आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। कृषि अभियांत्रिकी विभाग की फार्म मशीनरी बैंक योजना ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने, किसानों की लागत कम करने, समय पर कृषि कार्य संपन्न कराने तथा स्वरोजगार के अवसर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। श्री बोधन कोरेटी की यह सफलता अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा है।

एक नजर

सभी ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन 5 नवम्बर को

बलौदबाजार, 4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। आयुक्त भू-अभिलेख के निर्देशानुसार जिले मे 5 नवम्बर 2026 को सभी ग्रामो मे विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विशेष ग्राम मे खरीफवर्ष 2026-27 हेतु डिजिटल कॉप सर्वे (डीसीएस) अंतर्गत किए गए फसल सर्वेक्षण से संबंधित विवरणों को प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये हैं। ग्राम सभा मे डीसीएस एवं पीव्ही एप्प के अंतर्गत किये गये फसल सर्वेक्षण विवरण का पठन, फसल विवरण की सूची पंचायत भवन में चस्पा करने एवं संलग्न निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। फसल सर्वेक्षण के संबंध में प्राप्त समस्त दावा-आपत्तियों का परीक्षण तथा निराकरण कर संबंधित तहसीलदार द्वारा निर्धारित प्रारूप में जानकारी कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा।

युवा संवाद के नाम पर स्कूलों कालेजों का राजनितिकरण बंद हो:राकेश सिन्हा

डोंगरगढ़/लाल बहादुर नगर 4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय



जनता पार्टी द्वारा चलाय जा रहे लोकतंत्र बचाओ अराजकत्ता हटाओ युवा संवाद के नाम पर सरकारी स्कूलों और कॉलेजो मे भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता बच्चों की पढ़ाई रोक कर अपने राजनीतिक लाभ के लिए अब स्कूलों का दुरूपयोग कर रहे है सत्ता मे होने के कारण बिना किसी उचित अनुमति लिए बिना भारतीय जनता पार्टी के नेता गलत तरीके से बच्चों को भड़काने के उद्देश्य से पुरे प्रदेश भर मे स्कूलों कालेजों का दुरपयोग कर रहे है जो भाजपा के अराजक होने का प्रमाण दे रहे है साथ ही राकेश सिन्हा ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने और इस युवा संवाद कार्यक्रम को अपने संस्थाओ मे न करवाने कि अपील कि है।

पीएम श्री सेजेस डोंगरगढ़ में भव्य रूप से आयोजित किया गया कॉमर्स फेस्ट



डोंगरगढ़ 4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय, डोंगरगढ़ में इनोवेशन काउंसिल सेल के तत्वावधान में कॉमर्स फेस्ट 2026 का आयोजन उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशीलता, व्यावसायिक समझ, वित्तीय साक्षरता, नवाचार एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना था।इस आयोजन में अतिथि श्रीमती संगीता साहू (एस एम सी अध्यक्ष) , एवं सदस्य श्रीमती रेखा साहू, श्रीमती कविता नामदेव, श्री भूपेंद्र साहू, श्रीमती स्वाति शर्मा, श्रीमती पूजा उज्जवने,श्री दीपक शर्मा, श्री राजेश पंचम, श्री अशोक डे (पूर्व सदस्य, एस एम डी सी) इन सभी ने अपनी उपस्थिति देते हुए निर्णायक के रूप में कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा स्टेशनरी शॉप, हस्तनिर्मित सजावटी उत्पादों, मंडला आर्ट, क्रिएटिव क्राफ्ट, प्रेजेंटेशन , बिजनेस पॉइंट सहित विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने उत्पाद निर्माण, मूल्य निर्धारण, लागत एवं लाभ की गणना, विपणन, ग्राहक व्यवहार तथा बिक्री प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने स्वयं दुकानदार एवं उद्यमी की भूमिका निभाते हुए ग्राहकों से संवाद किया तथा अपने उत्पादों की उपयोगिता और विशेषताओं को प्रस्तुत किया। इससे उनमें आत्मविश्वास, संचार कौशल, टीम वर्क, समस्या समाधान एवं निर्णय लेने की क्षमता का विकास हुआ।

15 नवम्बर से जिले के 181 उपार्जन केंद्रों मे होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

- इस बार किसान अपनी सुविधा अनुसार किसी भी तिथि का ले सकेंगे टोकन
- ई -ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी सहित 4 कर्मचारी सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 4 नवंबर। खरीफविपणन वर्ष 2026-27 मे समर्थन मूल्य मे धान खरीदी 15 नवम्बर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक होगा। इस बार जिले मे 181 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी होगी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक मे जिले मे धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा



करते हुए अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 नवम्बर से शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली समर्थन मूल्य मे धान खरीदी प्रारम्भ होगी।किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी जाएंगे।धान खरीदी केंद्रों मे चेक लिस्ट के अनुसार पूरी व्यवस्था सुनिश्चित हो ताकि 15 नवम्बर से सभी केंद्रों मे धान खरीदी प्रारम्भ हो सके। उन्होंने कहा कि अवैध धान एवं बिचौलियों पर कड़ी नजर रखे,किसी भी केन्द्र मे अवैध न आए यह सुनिश्चित करें। शासन की मंशानुसार सभी वास्तविक किसानों का नियमानुसार धान खरीदी होगी। धान बेचने मे किसानों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उपार्जन केन्द्र में किसानो की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

टोकन लेने मे किसानों की बढ़ी सुविधा- इस बार धान खरीदी के दौरान किसानो को टोकन लेने मे समय की बंदिश नहीं रहेगा। किसान तुंहर टोकन एप्प से अपनी सुविधा अनुसार किसी भी तिथि का टोकन ले सकेंगे। एप्प से टोकन लेने की शुरुआत 10 नवम्बर से शुरू हो जाएगा। तुंहर टोकन मोबाइल एप्प से 70 प्रतिशत एवं समिति के माध्यम से 30 प्रतिशत टोकन काटे जायेंगे। 2 एकड़ तक एक टोकन, 2 से 100 एकड़ तक 2 टोकन एवं 10 एकड़ से अधिक खेती पर 3 टोकन काटे जाएंगे।

इस बार धान खरीदी के बाद होगा उठाव - अवैध धान और कस्टम मिलिंग पर कड़ी निगरानी के लिये इस बार धान खरीदी के दौरान धान का उठाव नहीं होगा बल्कि खरीदी के बाद होगा। उपार्जन केंद्रों मे धान के रख-रखाव हेतु उचित स्टेकिंग, ड्रेनेज,तिरपाल आदि की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये गये हैं।

उत्कृष्ट कार्य के लिये अधिकारी कर्मचारी सम्मानित- बैठक के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने ई- ऑफिस मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली, रीडर दिलेश्वर प्रसाद साहु, जमेश्वर प्रसाद साहु एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर त्रिलोक साहु शामिल हैं।

बैठक मे सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर ए. आर. टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 36 विभूतियों एवं संस्थाओं को राज्य अलंकरण से किया सम्मानित

रायपुर 4 नवंबर। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2026 के समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों एवं संस्थाओं को प्रतिष्ठित राज्य अलंकरण पुरस्कारों से सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस समारोह में साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल, कृषि, समाजसेवा, जनजातीय उत्थान, महिला सशक्तिकरण, सहकारिता, श्रम, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान किया गया।



शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति सम्मान आदिवासी सामाजिक चेतना तथा उनके उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए धमतरी जिले के श्री डुमन लाल ध्रुव को प्रदान किया गया।

यति यतनलाल सम्मान अहिंसा एवं गोरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए दुर्ग जिले के विश्व गीता धेनू गोविन्द पक्षी सेवा धाम, कुम्हारी को प्रदान किया गया।

गुण्डाधूर सम्मान खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोरबा जिले की सुश्री संजू देवी को प्रदान किया गया।

मिनीमाता सम्मान महिला उत्थान एवं जनजागृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लोक आस्था सेवा संस्थान, गरियाबंद (सुश्री लता नेताम) को प्रदान किया गया।

गुरु घासीदास सामाजिक चेतना एवं अनुसूचित जाति उत्थान सम्मान सामाजिक चेतना एवं दलित उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कबीरधाम जिले के श्री सुखचंद भास्कर को प्रदान किया गया।

ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बस्तर जिले की प्राथमिक कुडुक मछुवा सहकारी समिति मर्यादित, चित्रकोट (श्री धनसिंह बघेल) को प्रदान किया गया।

हबीब तनवीर सम्मान समकालीन रंगकर्म, छत्तीसगढ़ी, हिन्दी एवं अन्य भाषा नाटकों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रायपुर जिले के डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर को प्रदान किया गया।

महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन, विशेष रूप से तीरंदाजी के लिए बालोद जिले के श्री टोमन कुमार को प्रदान किया गया।

पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बिलासपुर जिले के तेजस्विनी सेवा प्रतिष्ठान, नेहरू नगर को प्रदान किया गया।

पं. सुन्दरलाल शर्मा सम्मान हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रायगढ़ जिले के डॉ. बिहारीलाल साहू को प्रदान किया गया।

चक्रधर सम्मान शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रायपुर जिले के डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति को प्रदान किया गया।

दाऊ मंदराजी सम्मान लोक नाट्य एवं लोक शिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रायपुर जिले की श्रीमती रेखा जलक्षत्री को प्रदान किया गया।

डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कबीरधाम जिले के श्री पुन्नीदास भट्ट को प्रदान किया गया।

महाराजा अग्रसेन सम्मान सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए रायगढ़ जिले के श्री बाबूलाल अग्रवाल को प्रदान किया गया।

चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार हिन्दी प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रायपुर जिले के श्री प्रमोद कुमार साहू को प्रदान किया गया।

चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार हिन्दी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रायपुर जिले के श्री बरुण सखाजी एवं सुश्री रसिका पांडेय को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।


मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार अंग्रेजी प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रायपुर जिले के श्री शिशिर रॉय चौधरी को प्रदान किया गया।

धन्वन्तरि सम्मान आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा तथा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए धमतरी जिले के डॉ. दिनेश कुमार नाग को प्रदान किया गया।

श्रीमती बिलासादेवी केंवट मत्स्य विकास पुरस्कार मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बालोद जिले के श्री प्रदीप कुमार सोनी को प्रदान किया गया।

राजेश्री महंत वैष्णवदास जी महाराज संस्कृत भाषा पुरस्कार संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रायपुर जिले के डॉ. बहुरन सिंह पटेल को प्रदान किया गया। डॉ. भंवरसिंह पोर्ते आदिवासी सेवा पुरस्कार आदिवासियों की सेवा और आर्थिक उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल, नवा रायपुर (श्री सी. श्रीनिवास यंगम) को प्रदान किया गया।

बलौदाबाजार-सिमगा मार्ग में रिसदा के पास क्षतिग्रस्त सडक का किया पुनः संधारण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 4 नवंबर। अर्नव चक्रवात के प्रभाव से जिले में अत्याधिक बारिश होने के कारण बलौदाबाजार -सिमगा मार्ग के ग्राम रिसदा में सडक क्षतिग्रस्त होने से मालवाहक वाहन फंस गये। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा अवरूद्ध मार्ग में यातायात बहाल कराया गया एवं मार्ग का तत्कालिक संधारण कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अत्यधिक बारिश के कारण सडक के दायीं ओर स्थित तालाब में अत्याधिक जल भराव होने के कारण तालाब का पानी मार्ग के लंबाई की दिशा में ढाल होने के कारण मार्ग मे पानी का जमाव हो गया एवं मार्ग में स्थित तीन सीमेंट प्लांट में आने वाले कच्चा माल एवं सीमेंट प्लांट से उत्पादित सीमेंट का परिवहन भारी माल वाहको से होने के कारण मार्ग पूर्णताः क्षतिग्रस्त होकर कीचड़युक्त होने से कई माल वाहक मार्ग में फस गये एवं वाहनों में विभिन्न प्रकार की खराबी उत्पन्न हुई।

बताया गया कि बलौदाबाजार-रिसदा-हथबंद-सिमगा मुख्य जिला मार्ग कमांक-57 कुल लम्बाई 48.60 किमी. का बी.टी. मजबूतीकरण के अंतर्गत शासन से कुल राशि रू. 4917.83 लाख की प्राप्त हुई है। कार्यादेश जारी होने के उपरांत प्रावधानुसार मार्ग के उक्त स्थल पर डामर की परत उखाड़कर डब्ल्यूएमएम कार्य प्रारंभ करने हेतु लेवलिंग का कार्य संपादित किये जाने की तैयारी की गई थी।

जनदर्शन में मानवी बंजारे को कलेक्टर ने प्रदान की हियरिंग मशीन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 4 नवंबर। कलेक्टर जनदर्शन आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन रहा है। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

इसी कड़ी में आज जनदर्शन में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समाज कल्याण विभाग के सहयोग से मानवी बंजारे को हियरिंग मशीन (श्रवण यंत्र) प्रदान की। मानवी मुखबधिर स्कूल धमतरी में कक्षा 7वीं की छात्रा हैं। वह बचपन से ही सुनने और बोलने में असमर्थ हैं। हियरिंग मशीन मिलने से उन्हें सुनने में सहायता मिलेगी और उनकी पढ़ाई एवं दैनिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

मानवी के पिता ललित कुमार बंजारे ने इस सहायता के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनदर्शन के माध्यम से उन्हें बहुत मदद मिली है। जरूरतमंदों की सहायता के लिए यह बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है।

जनदर्शन के माध्यम से जिला प्रशासन जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

नगर निगम ने चैतन्य ग्रीन्स आवासीय परिसर के समीप भारी मात्रा में डाले गए कचरे और गंदगी को हटवाकर दिया सकारात्मक स्वच्छता का सन्देश

रायपुर 4 नवंबर। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री चंद्राकर और आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न गन्दगी से युक्त स्थलों को चिन्हित करके श्रमदान से सफाई करवाकर स्वच्छता कायम करते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सीटीयू स्वच्छता लक्षित ईकाई का विकास जन - जन को स्वच्छता का सकारात्मक सन्देश देने सभी जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से देने का क्रम निरन्तर जारी है.

इसी परिपेक्ष्य में विगत दिनों नगर निगम रायपुर के जोन 9 जोन कमिश्नर श्री हितेन्द्र यादव ने जोन 9 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री अमित बेहरा और स्वच्छता निरीक्षक श्री भोला



तिवारी की उपस्थिति में नगर निगम जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत सड्डू क्षेत्र में चैतन्य ग्रीन्स आवासीय परिसर के समीप भारी कचरा और गन्दगी और मलबा सड़क किनारे पड़ा और पसरा हुआ प्रत्यक्ष देखा. नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर ने तत्काल वहाँ सम्बंधित बिल्डर को सम्बंधित स्थल पर बुलवाया और वहाँ स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत तत्काल सफाई करवाकर सीटीयू स्वच्छता लक्षित ईकाई विकसित करने में नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग के साथ अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने कहा. नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर बिल्डर और चैतन्य ग्रीन्स सड्डू क्षेत्र के आवासीय परिसर के रहवासियों ने सफाई श्रमदान करते हुए वहाँ स्वच्छता कायम की और सम्बंधित बिल्डर की सहभागिता से वहाँ रंग- रौगन, पेंटिंग कार्य करवाया जाकर सुंदरता बिखेरी गयी और सुंदर पेंटिंग करवाकर दो कुर्सियां वहाँ जनसुविधा की दृष्टि से रखवाई गई. उक्त सम्बंधित स्थल पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने स्वच्छता जनजागरूकता नारे स्लोगन शीघ्र बिल्डर की सहभागिता से लिखे जाने की तैयारी नगर पालिक निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग कीसकारात्मक पहल पर की जा रही है।

जनहित में पहलः तकनीकी परीक्षण के बाद नालों को ढक रहा रायपुर निगम

रायपुर 4 नवंबर। नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा शहर के नालों को ढंकने (ड्रेन कवर) का कार्य नागरिकों की सुरक्षा, जनहित एवं स्थल की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए तकनीकी परीक्षण एवं उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के आधार पर प्राथमिकतानुसार चरणबद्ध रूप से कराया जाता है। इस क्रम में. शासन से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर ड्रेन कवर निर्माण के कार्य प्रगतिरत / संचालित हैं। साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य स्थलों पर भी उक्त कार्यों को प्रस्तावित एवं क्रियान्वित किए जाने की कार्रवाई की जाती है।

छलोजामं ने किया लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ बौद्धिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ लोक जागरण मंच के तत्वावधान में कृषि उपज मंडी में छत्तीसगढ़ लोक जागरण मंच द्वारा आयोजित बौद्धिक संवाद कार्यक्रम सार्थक विचार-विमर्श के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान जिला संयोजक एवं मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी ,राजेंद्र गोलछा समाज सेवक ,प्रमुख वक्ता डॉ चंद्रशेखर शर्मा विभागाध्यक्ष इंजीनियरिंग महाविद्यालय दुर्ग, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू , अध्यक्ष जनपद पंचायत लता सिन्हा , लालजी द्विवेदी सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़, बिसनाथ यादव, ई. रेवती सेवानिवृत प्राचार्य नेहरू कॉलेज एवं स्वर्णकार समाज अध्यक्ष सौमित्र सोनी ,विनय बंसल सहमन्त्री गौशाला कमेटी, अमित बोस समाज सेवक सहित क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य वक्ताओं ने लोकतंत्र, सामाजिक जागरूकता, जनभागीदारी एवं समसामयिक विषयों पर अपने-अपने विचार रखें । डॉ चन्द्र



शेखर शर्मा ने बताया कि स्ट्रक्रमतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण सन 1952 से चला आ रहा है । जिला संयोजक एवं मार्कफेड अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी ने बताया कि विपक्ष आज घड़ियाली आंसू बहा रहा है। देश के 82 करोड से बनकर लोकतंत्र को मजबूत किया है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं उनमें 2.89 करोड मृत लोग हैं क्या विपक्ष मुर्दों और फर्जी नामों के सहारे चुनाव जीतना चाहता था सुप्रीम कोर्ट ने भी 27 मई 2026 को साफकर दिया कि साफ और निष्पक्ष वोटर लिस्ट ही लोकतंत्र की रीढ़ है। तो फिर विपक्ष को परेशानी क्यों हो रही है। इस प्रक्रिया में सिर्फ भाजपा नहीं देश के सभी दलों के 35 लाख से अधिक अधिकृत प्रतिनिधि (बूथ-2) और 11 लाख सरकारी अधिकारी शामिल थे। राहुल गांधी और विपक्ष के नेता बताएं जब उनकी ही पार्टियों के कार्यकर्ता घर-घर जाकर फॉर्म जांच रहे थे तो क्या वे स्ट्रक्रकी प्रक्रिया पर सवाल उठाकर अपने ही लाखों कार्यकर्ताओं पर फर्जीवाड़े का आरोप लगा रहे हैं । वक्ताओं ने बताया कि केरल में इनके अपने नेता रमेश चेन्निथला और मैथ्यू कुज़लनादन कह रहे हैं कि स्ट्रक्रसे फर्जी वोट हटे हैं। शशि थरूर खुद मान रहे हैं कि डुप्लीकेट और मृत वोटरों को हटाना जरूरी है। राजस्थान में सचिन पायलट कह रहे हैं कि अवैध लोगों को हटाया जाए। विपक्ष का राष्ट्रीय नेतृत्व झूठ की दुकान चला रहा है जबकि उनके अपने जमीनी नेता इसका समर्थन कर रहे हैं। विपक्ष केवल चुनाव आयोग को बदनाम नहीं कर रहा वह भारत के लोकतंत्र की साख पर हमला कर रहा है। वह सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय की अवमानना कर रही है जिसमे स्ट्रक्रको सही बताया गया था। देश के 42 पूर्व न्यायाधीशों ने खुले पत्र में साफचेतावनी दी है कि बिना सबूत के ÷वोट चोरी÷ का नैरेटिव गढ़ना संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश है। इनके दौर में मुख्य चुनाव आयुक्त रहे सुकुमार सेन के भाई अशोक सेन इनकी सरकार में कानून मंत्री बनते हैं। टीएन शेषन रिटायर होते ही गांधीनगर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ते हैं।एमएस गिल रिटायर होकर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और खेल मंत्री बन जाते हैं। जिन्होंने संवैधानिक पदों को अपनी पार्टी का विस्तार बना रखा था वे आज पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं। विपक्ष हर रोज नई नौटंकी लेकर सड़क पर बैठ जाता है। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी साफ कह दिया है कि स्ट्रक्रकी प्रक्रिया पूरी तरह वैध और पारदर्शी है। लेकिन विपक्ष का एजेंडा तय है ।पहले श्वङ्करूको गाली दी फिर कोर्ट पर सवाल उठाए और अब चुनाव आयोग पर झूठे आरोप मढ़ रहे हैं। विपक्ष के नेता जवाब दें इस पूरी प्रक्रिया में चुनाव आयोग के साथ-साथ आपकी पार्टियों के अधिकृत प्रतिनिधि भी शामिल थे। तो फिर आज कैमरे के सामने आकर किस मुंह से वोट चोरी का शोर मचा रहे हो । राहुल जी अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरे पर फोड़ना बंद कीजिए ।लोकतंत्र जिंदा नागरिकों से चलता है मुर्दा और फर्जी नामों से नहीं । विपक्ष कान खोलकर सुन ले यह नया भारत है यहां लोकतंत्र का एक-एक वोट पवित्र है और प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहेगी। आपके पुराने जुगाड़ फर्जी पर्चियों और वोट बैंक के खेल का दौर खत्म हो चुका है।

रायपुर में नगर निगम ने स्ट्रीट लाइटों का कराया संधारण



रायपुर 4 नवंबर। रायपुर नगर पालिक निगम विद्युत विभाग के माध्यम से स्ट्रीट लाईटों का संधारण कार्य कराकर स्ट्रीट लाईटें चालू कर दी गई हैं। सभी मार्गों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गयी है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छ.ग.

क्र./855/राज.वि./न.पा./
तिल्दा नेवरा दिनांक 03/11/26

// दावा आपत्ति सूचना //

एतद् द्वारा समस्त करदाताओं से दावा आपत्ति आमंत्रित की जाती है कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार संपतिकर/समेकितकर/जलकर ऑनलाईन जमा किये जाने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा ड्रोन सर्वे कराया जाकर जी.आई.एस. सर्वे के आधार पर प्रत्येक मकान पर क्यूआर कोड आधारित डिजिटल डोर नंबर प्लेट लगाया गया है, जिसमें यदि किसी संपतिकरदाता का-नाम/पिता/पति का नाम त्रुटिपूर्ण या गलत, नाम दर्ज हुआ हो तो आप अपना लिखित दावा आपत्ति दिनांक 27.11.2026 दिन शुक्रवार तक आवेदनमय दस्तावेज (भूमि स्वामित्व दस्तावेज बी1पी2/पट्टा/मेंटिनेन्स खसरा, आधार कार्ड, पूर्व जमा संपतिकर रसीद की छायाप्रति) के साथ कार्यालय नगरपालिका परिषद तिल्दा नेवरा के आवक-जावक शाखा में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा
नेवरा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

एक नजर

सांसद विजय बघेल का जिपं अध्यक्ष ने किया स्वागत



रायपुर 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 26 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय बेमेतरा के बेसिक मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे दुर्ग लोकसभा सांसद श्री विजय बघेल का जिला पंचायत अध्यक्ष बेमेतरा श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने सांसद श्री बघेल को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया और जिले में आगमन पर शुभकामनाएं दीं। स्वागत के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी एवं सांसद विजय बघेल के बीच बेमेतरा जिले के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बातचीत में क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं, ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों की स्थिति, सड़क, शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आमजन से जुड़े विषयों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और गति देने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान कल्पना योगेश तिवारी ने क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनता की अपेक्षाओं से सांसद श्री विजय बघेल को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय और सहयोग से क्षेत्र की समस्याओं का बेहतर समाधान किया जा सकता है।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा नेताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

रायपुर 4 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने आगामी नगरीय निकाय चुनावों के लिए प्रदेश चुनाव टोली की घोषणा की है। गठित चुनाव टोली मे संतोष पाण्डेय - प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद, अखिलेश सोनी - भाजपा प्रदेश महामंत्री, भूपेन्द्र सवन्नी - अध्यक्ष राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा), सौरभ सिंह - अध्यक्ष खनिज विकास निगम, किशोर राय - प्रदेश संयोजक नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, प्रफुल विश्वकर्मा - अध्यक्ष लौह शिल्पकार विकास बोर्ड और पंकज कुमार झा - मीडिया सलाहकार को शामिल किया गया है। टोली के पदेन सदस्य के रूप में सुनील पिल्लई - भाजपा आईटी सेल प्रदेश संयोजक, मितुल कोठारी - भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक और हेमंत पाणिग्रही - भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक शामिल किया गया है। इसी प्रकार आगामी नगरीय निकाय चुनावों और उपचुनाव के मद्देनजर प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की सूची घोषित की गई है : रायगढ़ जिला की नगर पंचायत तमनार के लिए लखनलाल साहू को प्रभारी और श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव व जोगेश लाम्बा को सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। धमतरी जिला की नगर पंचायत बड़ी करेली में शशि पवार को प्रभारी और अरूण सार्वा व श्रीमती ज्योति चंद्राकर सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला की नगर पंचायत बिलाईगढ़ में केवल अध्यक्ष पद के उपचुनाव हेतु केदार गुप्ता को प्रभारी और चन्द्रकुमार पटेल व श्रीमती अल्का चंद्राकर को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

एनआईटी रायपुर के दीक्षांत समारोह में 1,364 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

रायपुर 4 नवंबर। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा– विकसित भारत के निर्माण में युवा इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और नवाचारकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा– विकसित भारत के निर्माण में युवा इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और नवाचारकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर का 17वां दीक्षांत समारोह मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। समारोह में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर संस्थान के 1,364 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की गईं।

राहुल गांधी को ओपी चौधरी की दो टूक

डिबेट से नहीं बढ़ेगी राजनीतिक हाइट

रायपुर 4 नवंबर। राहुल गांधी के डिबेट चैलेंज और ,एसआईआर पर अमित शाह के लोकसभा का विशेष सत्र बुलाने के बयान पर मंत्री ओपी चौधरी का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि जनता राहुल गांधी को नकार चुकी है और उन्हें 100 से अधिक बार पराजय का स्वाद चखा चुकी है. राहुल गांधी अपनी राजनीतिक हाइट बढ़ाने के लिए डिबेट की बात कर रहे हैं. ओपी चौधरी ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें जॉइंट पार्लियामेंट या विशेष सत्र में चर्चा का प्रस्ताव दिया है. लेकिन वह सत्र से दूर भागेंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अपनी पॉलिटिकल हाइट बढ़ाने के लिए चिल्ला रहे हैं.

मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि 'पीपल सिटी' के रूप में विकसित करने की तैयारी है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को 'विकसित भारत संकल्प पीपल वन' का



लोकार्पण किया था. उन्होंने 5 लाख पीपल के पेड़ लगाने का लक्ष्य तय किया है. उन्होंने बताया कि पहले एक लाख पीपल के पेड़ लगाने का लक्ष्य था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है.

रायगढ़ में एक कॉलेज में वंदे मातरम का पूरा गायन नहीं होने के मामले में नोटिस जारी किए जाने पर भी वित्त मंत्री ने बयान दिया. उन्होंने कहा कि कॉलेज में वंदे मातरम का अधूरा गायन हुआ था, जिसके बाद गायन पूरा किया गया. इस मामले में कलेक्टर ने प्रशासनिक सख्ती बढ़ाते हुए नोटिस जारी किया है. उन्होंने लोगों से वंदे मातरम एक्ट का पालन करते हुए व्यवहार करने की अपील की.

बस्तर के विकास को लेकर ओपी चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ को राज्य बनाकर बड़ी सौगात दी थी. इसके लिए छत्तीसगढ़वासी उनके आभारी हैं. उन्होंने कहा कि नक्सलवाद समाप्त होने के बाद बस्तर में विकास की नई संभावनाएं उभरकर सामने आई हैं. आने वाले समय में बस्तर पर्यटन के क्षेत्र में विकसित होगा और छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के हित में राज्य निर्माण का फैसला नहीं लिया.

जैसे बस्तर नक्सलमुक्त हुआ वैसे ही देश नशामुक्त होगा : अनुराग

रायपुर 4 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग अग्रवाल ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नशा मुक्त भारत के संकल्प का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट लक्ष्य रखा है कि 2029 तक देश को नशा मुक्त बनाना है। जिस दृढ़ इच्छाशक्ति से केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने बस्तर को नक्सल मुक्त करने की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है, उसी प्रकार देश को नशा मुक्त करने का लक्ष्य भी अवश्य पूरा होगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री अग्रवाल ने कहा कि नक्सलवाद की तरह ही नशा भी युवा पीढ़ी और देश के भविष्य के लिए सबसे बड़ा अभिशाप है। नक्सलवाद बंदूक से मारता है और नशा धीरे-धीरे पूरे परिवार और समाज को खोखला करता है। भाजपा सरकार नक्सलवाद पर जैसे सर्जिकल प्रहार कर रही है, वैसे ही नारकोटिक्स के पूरे नेटवर्क पर भी प्रहार किया जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में NCB और सभी एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत, विकसित भारत के संकल्प की पहली शर्त है और 2029 तक यह लक्ष्य पूरा होकर रहेगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जिस तरह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवाद पर प्रहार किया है, एक-एक स्थान को चिन्हित कर नक्सलियों के आत्मसमर्पण और न्यूट्रलाइजेशन की योजना बनाई है, उसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में नशे के कारोबार पर भी कठोर कार्रवाई की जा रही है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि एनडीपीएस के मामले में छत्तीसगढ़ में पहली बार केवल सप्लायर को गिरफ्तार ही नहीं किया जा रहा, बल्कि जहां नशे का उत्पादन हो रहा है, वहां जाकर उसे जड़ से नष्ट भी किया जा रहा है।

दीपावली पर बाजारों में जबरदस्त रौनक: थौरानी

रायपुर 4 नवंबर। प्रकाश और खुशियों के महापर्व दीपावली के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने पूरे प्रदेश के समस्त व्यापारी बंधुओं, उद्योगपतियों एवं आम नागरिकों को हार्दिक बधाई व मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दीपावली के पावन पर्व पर छत्तीसगढ़ के व्यापार एवं उद्योग जगत में एक अभूतपूर्व उत्साह, नई ऊर्जा और जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। प्रदेश भर के छोटे-बड़े बाजारों में सुबह से लेकर देर रात तक खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे व्यापारी समाज के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने बाजारों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि इस त्योहारी सीजन में हर छोटे और बड़े व्यापारिक क्षेत्र में शानदार कारोबार दर्ज किया जा रहा है। सराफा बाजार में सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल व्हीकल सेगमेंट, वस्त्र उद्योग और प्रॉपर्टी डीलिंग जैसे बड़े क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री हो रही है। इसके साथ ही आदरणीय प्रधानमंत्री जी के 'वोकल फॉर लोकल' के पावन आह्वान का सीधा प्रभाव छत्तीसगढ़ के बाजारों में साफदिखाई दे रहा है।



लोक निर्माण विभाग के सचिव ने मंत्रालय में ली बैठक

लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने निर्देश

रायपुर 4 नवंबर। लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में विभाग के उच्च अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव श्री बंसल ने विभिन्न कार्यों की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों में आ रहे गैप को कम करते हुए लंबित कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सचिव ने कहा कि प्रत्येक कार्य में स्पष्टता, तार्किक दृष्टिकोण और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ा जाए तथा विभाग के समग्र उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण एवं क्रिटिकल कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जाए।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने कहा कि लंबित कार्यों को अनावश्यक रूप से आगे न बढ़ाया जाए, बल्कि उनकी सूची तैयार कर समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जाए। ठेकेदारों के लंबित बिलों का परीक्षण कर पात्रतानुसार भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए, जिन कार्यों में भौतिक प्रगति पूरी हो चुकी है, उनके वित्तीय भुगतान की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुराने लंबित प्रकरणों के निराकरण के साथ 31 मार्च 2026 से पूर्व जारी टेंडर से संबंधित कार्यों की स्थिति की समीक्षा कर सूची तैयार करने तथा प्रत्येक प्रकरण को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के निर्देश दिए। कार्यों की



भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का समन्वित आकलन करते हुए जिम्मेदारी भी तय की जाए। सचिव श्री मुकेश कुमार ने मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा शासकीय राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यों का परीक्षण पूरी गंभीरता से करने और जहां आवश्यक हो वहां सप्लीमेंट्री एवं रिवाइज्ड कार्यों का औचित्य के आधार पर परीक्षण कर निर्णय लेने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य की समय-सीमा निर्धारित होनी चाहिए, अधिकारी स्वयं सक्रियता से प्रगति की निगरानी करें। सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी से संबंधित लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। श्री बंसल सचिव ने विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के लिए एक निर्धारित फ्रेमवर्क के तहत कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीम भावना, स्वामित्व की भावना और तार्किक सोच के साथ काम करने से कार्यों में गति आएगी।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रकरणों का संवेदनशीलता एवं तत्परता से निराकरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्तर पर अधिकारियों को आवश्यक सहयोग देने तथा कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सब इंजीनियरों की कम से कम एक सप्ताह की प्रशिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय और टीमवर्क के साथ कार्य करने तथा लंबित प्रकरणों को समाप्त करने की इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ने को कहा।

छत्तीसगढ़ बनेगा देश का नया फिल्म हब

रायपुर 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ में फिल्म निर्माण (फिल्म शूटिंग) को प्रोत्साहित करने और पर्यटन के बहुमुखी विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख और लोकप्रिय फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। मुख्य सचिव विकासशील ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सिनेमैटिक और प्राकृतिक दृश्यों की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। राज्य के अनछुए प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविध पर्यटन स्थलों को देश-विदेश के फिल्म निर्माताओं के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेशभर में फिल्म शूटिंग के लिहाज से उपयुक्त और संभावनाशील नए स्थलों की पहचान कर उन्हें तेजी से विकसित और प्रोत्साहित किया जाए। चर्चा के दौरान राज्य की मौजूदा फिल्म नीति को और अधिक व्यावहारिक व प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही, बहुप्रतीक्षित चित्रोत्पला फिल्म सिटी के प्रस्ताव और उसकी संभावनाओं को मूर्त रूप देने को लेकर भी गहन मंथन हुआ। सरकार का उद्देश्य फिल्म मेकर्स के लिए शूटिंग की प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी और आकर्षक बनाना है।

आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे छत्तीसगढ़ के युवा

रायपुर 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ के जनजातीय, ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में संवाद करने में सक्षम बनाने तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के महाविद्यालयों में आज से विशेष अंग्रेजी सम्प्रेषण प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा की विशेष पहल पर शुरू किए गए इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को 90 दिनों में 90 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को अंग्रेजी में अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने के साथ ही उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के अवसरों के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन उच्च शिक्षा संचालनालय एवं रूसा के आर.क्यू.आई.ए. सी.सी. के माध्यम से किया जा रहा है। महाविद्यालयों में प्रत्येक कार्यदिवस प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को अंग्रेजी में बातचीत करने, अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करने, साक्षात्कार में आत्मविश्वास के साथ उत्तर देने तथा दैनिक जीवन में अंग्रेजी भाषा के व्यावहारिक उपयोग का अभ्यास कराया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय और ग्रामीण अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता उन्हें बेहतर अवसर, उचित मार्गदर्शन और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए आत्मविश्वास प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी भाषा में संवाद करने की झिझक कई बार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के आगे बढने में बाधा बनती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से विद्यार्थियों का संकोच दूर होगा और वे अपनी योग्यता एवं विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सकेंगे।

समय पूर्व जन्मे बच्चों की बेहतर देखभाल की व्यवस्था को मजबूत करने पहल

रायपुर 4 नवंबर। समाज के प्रत्येक नवजात शिशु को स्वस्थ जीवन और बेहतर भविष्य का अवसर मिले तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच अंतिम छोर तक सुनिश्चित हो इसी उद्देश्य से State Health Systems Resource Centre द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कल्याण से जुड़े विषयों पर विशेष पहल की जा रही है। इसी क्रम में World Prematurity Awareness Week (विश्व समयपूर्व जन्म जागरूकता सप्ताह) के माध्यम से समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों की विशेष देखभाल, उनके स्वास्थ्य, पोषण एवं समुचित विकास के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

SHSRC, के तकनीकी सलाहकार डॉ. संतोष कुमार क्रालेटी ने बताया कि गर्भावस्था के 37 सप्ताह पूरे होने से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं को प्रीटर्म अथवा समयपूर्व जन्मे शिशु कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया में प्रत्येक 10 में से लगभग एक बच्चा समयपूर्व जन्म लेता है। ऐसे शिशुओं को जन्म के बाद विशेष चिकित्सकीय देखभाल, पोषण और निरंतर निगरानी की आवश्यकता होती है।

डॉ. क्रालेटी ने कहा कि भारत और छत्तीसगढ़ के आँकड़े इस विषय की गंभीरता को दर्शाते हैं। द लैंसेट (2023) के अनुसार वर्ष 2020 में भारत में लगभग 30.2 लाख शिशु समय से पहले जन्मे, जो दुनिया में सबसे अधिक है; देश में लगभग हर 100 में से 13 शिशु समयपूर्व जन्म लेते हैं। छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष लगभग 5.15 लाख जन्म पंजीकृत होते हैं और 88 प्रतिशत प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में



होते हैं। राज्य में 12 से 14 प्रतिशत शिशु समयपूर्व जन्म लेते हैं, यानी हर वर्ष लगभग 62,000 से 72,000 शिशु समय से पहले जन्म लेते हैं। नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS 2024) के अनुसार छत्तीसगढ़ की शिशु मृत्यु दर 36 प्रति 1,000 जीवित जन्म है, जो देश के सभी राज्यों में सबसे अधिक है, जबकि राष्ट्रीय औसत 24 है।

उन्होंने कहा कि समयपूर्व जन्मे बच्चों की देखभाल केवल अस्पताल में भर्ती रहने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। अस्पताल से छुट्टी के बाद भी उनके स्वास्थ्य, वजन, पोषण, टीकाकरण तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास की नियमित निगरानी जरूरी है। इसके लिए निम्न बिंदुओं पर विशेष जागरुकता आवश्यक है- डॉ. क्रालेटी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था में मितानिनों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे स्वास्थ्य विभाग और समुदाय के बीच संपर्क सेतु के रूप में कार्य करते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरुकता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, रोगों की रोकथाम तथा जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाती हैं।

रायगढ़ के ग्राहक ने जीती होंडा एक्टिवा

रायपुर 4 नवंबर। त्योहारी खुशियों के बीच जीके इलेक्ट्रिक की ग्राहक संतोषी यादव के लिए इस बार की खरीदारी यादगार बन गई। रायगढ़ स्थित जीके इलेक्ट्रिक की अधिकृत डीलरशिप अमर ईवी से इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर खरीदने वाली संतोषी यादव ने कंपनी की नवरात्रि स्क्रैच एंड विन योजना के तहत होंडा एक्टिवा जीती है। जीके इलेक्ट्रिक ने नवरात्रि के अवसर पर अपने ग्राहकों के लिए यह विशेष योजना शुरू की थी, जिसे ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया को देखते हुए अब दीपावली तक बढ़ा दिया गया है। इस योजना के तहत कंपनी के सभी डीलरशिप पर वाहन खरीदने वाले प्रत्येक ग्राहक को निश्चित उपहार दिया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राहकों को टीवी, वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर सहित कई आकर्षक इनाम जीतने का मौका भी मिल रहा है।रायगढ़ की संतोषी यादव को मिली होंडा एक्टिवा इसी योजना का एक खास आकर्षण है। अलग-अलग डीलरशिप पर ग्राहकों को मिल रहे इनामों से इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हमारे लिए यह अभियान केवल वाहन की बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि उन ग्राहकों के विश्वास और जुड़ाव का उत्सव है, जिन्होंने जीके इलेक्ट्रिक को इस मुकाम तक पहुंचाया है। बहुत कम समय में 6,000 वाहनों के आंकड़े को ओर बढ़ना हमारे लिए गर्व की बात है। नवरात्रि से दीपावली तक चलने वाली यह योजना ग्राहकों के प्रति हमारा आभार व्यक्त करने का एक छोटा-सा प्रयास है। हम चाहते हैं कि इस त्योहारी सीजन में जीके इलेक्ट्रिक से जुड़ने वाला हर ग्राहक कुछ खास लेकर जाए। रायपुर स्थित जीके इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स की निर्माता कंपनी है और छह दशकों की विरासत वाले जीके ग्रुप का हिस्सा है।



खेल के मैदान में जीवंत हुई रामायण और महाभारत की गाथा

रायपुर 4 नवंबर। खेल, कल्पना, पौराणिक कथाओं और सीख का ऐसा अनूठा संगम शायद ही किसी प्रीस्कूल के स्पोर्ट्स डे में देखने को मिला हो। मिनी मार्वल्स प्रीस्कूल द्वारा 31 अक्टूबर को आयोजित वार्षिक खेल समारोह 'Mini Mythological Olympics' में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रामायण और महाभारत के प्रसंगों को खेलों के माध्यम से जीवंत कर दिया। यहां खेल केवल जीतने की प्रतिस्पर्धा नहीं थे, बल्कि हर रेस के पीछे एक कहानी, एक चुनौती और सीख छिपी थी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुमीत कुमार उपाध्याय, निजी सचिव डॉ. रमन सिंह एवं महासचिव, क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी हर्षा साहू शामिल रहीं।

कार्यक्रम की सबसे खास झलक प्लेग्रुप के नन्हे बच्चों की रही। हनुमान का रूप धारण किए बच्चों ने हाथों में संजीवनी पर्वत लेकर फिनिशिंग लाइन तक दौड़ लगाई। वहीं कुछ नन्हे हनुमानों ने रामसेतु निर्माण की चुनौती स्वीकार की, जिसमें सबसे पहले सेतु बनाने वाले बच्चे विजेता बने।

नर्सरी के बच्चों ने भगवान राम का रूप



धारण कर वनवास के दौरान उपयोग में आने वाली वस्तुओं से परिचित होने का अनुभव लिया। ट्रैक पर रखे फूल, फल और सब्जियां एकत्रित करते हुए बच्चों ने खेल-खेल में प्रकृति और जीवन से जुड़ी चीजों को पहचाना। वहीं जटायु बने बच्चों ने दौड़ पूरी कर अंतिम बिंदु पर धनुष-बाण, तलवार और कवच जैसी संबंधित वस्तुओं को सही जोड़ी में व्यवस्थित किया।

पीपी-द्वु के नन्हे कृष्ण कन्हैया ने मटकी से माखन, मिश्री और मोरपंख जैसी अपनी प्रिय वस्तुओं को पहचानकर अलग किया। वहीं पीपी-II के अर्जुन बने बच्चों ने ट्रैक से तीन बिंदुओं वाले तीर एकत्रित किए और उन्हें मछली पर अंकित संख्याओं से मिलाकर लक्ष्य साधने की अनूठी चुनौती पूरी की।

समारोह की अंतिम रेस में महाभारत के कौरवों का रूप धारण किए बच्चों ने कुरुक्षेत्र की युद्धभूमि का अनुभव करते हुए विभिन्न बाधाओं को पार किया। इस तरह हर कक्षा के लिए उम्र और क्षमता के अनुरूप अलग-अलग खेल तैयार किए गए, जिनमें शारीरिक सक्रियता के साथ स्मरण शक्ति, पहचान, समन्वय, एकाग्रता और समस्या समाधान जैसे कौशलों को भी शामिल किया गया।

खेल के साथ संस्कार और जीवन कौशल का संदेश : मिनी मार्वल्स प्रीस्कूल की प्रिंसिपल अनभूति श्रीवास्तव ने कहा, हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल दौड़ना, जीतना या पदक हासिल करना सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें खेल के माध्यम से कहानियों, मूल्यों और जीवन कौशलों से जोड़ना है। Mini Mythological Olympics की परिकल्पना इसी सोच से की गई कि बच्चे पौराणिक पात्रों को केवल किताबों या कहानियों में न देखें, बल्कि उनके प्रसंगों को खेलते हुए समझें। संजीवनी पर्वत उठाने से लेकर रामसेतु बनाने और अर्जुन की तरह लक्ष्य साधने तक, हर गतिविधि में टीमवर्क, धैर्य, एकाग्रता, आत्मविश्वास और समस्या समाधान की सीख छिपी थी। हमारा विश्वास है कि बचपन में खेल के माध्यम से मिली सीख जीवनभर साथ रहती है। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों को अपनी संस्कृति, कल्पनाशीलता, सहयोग और आत्मविश्वास से जोड़ने का एक प्रभावी तरीका भी हो सकता है।

बच्चों ने मोबाइल में रील न देखने का लिया संकल्प

रायपुर 4 नवंबर। खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी की पावन प्रेरणा से श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर धार्मिक पाठशाला में श्राविकाओं ने सौ से ज्यादा बच्चों को भगवान महावीर चरित्र व जिनपुजन विधि व शान्ति कलश की विधि सिखाई । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस भौतिक युग में बच्चों का बहुतायत समय मोबाईल में रील देखने में व्यतीत होता है , बच्चों को ज्ञानवर्धक रील की समझ जरुरी है , पाठशाला में बच्चों को सही गलत की समझाइश दी और सैकड़ों बच्चों ने आज से महावीर निर्वाण कल्याणक दीपावली तक मोबाईल में रील न देखने का संकल्प लिया । महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि जीवन को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से सप्ताह में तीन दिन बच्चों को स्नात्र पूजा , चंदन पूजा व पूजा विधि के सुत्रों का अध्ययन के साथ ही जीवन निर्माण के गुणों से अवगत कराया जाता है । ट्रस्टी नीलेश गोलछा व योगेश बंगानी ने



बताया कि आज सौ से ज्यादा बच्चों को भगवान महावीर स्वामी तीर्थंकर परमात्मा के जीवन चरित्र जन्मकल्याणक से निर्वाण तक एवं स्नात्र महोत्सव और शान्ति कलश विधान की जानकारी देकर स्नात्र महोत्सव पूर्ण कराया गया । जिनप्रतिमा के 9 अंगों के पूजन की विधि की जानकारी देकर नवांगी पूजा कराई गई , जैन धर्म में ही भगवान की प्रतिमा में भक्तों द्वारा सीधे पूजन का विधान है । भावे भावना भावीए , भावे दीजे दान , भावे जिनवर पूजिए , भावे केवल ज्ञान के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26